सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 15 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 39, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 707 अरब डॉलर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त सप्ताह में 14.14 अरब डॉलर बढ़कर 707 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने यह जानकारी दी। } 12

सशस्त्र बलों के खिलाड़ी, सैनिक और चैंपियन का मेल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में संपन्न ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले सशस्त्र बलों के खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि ये खिलाड़ी सैनिक और चैंपियन का बेहतरीन मेल हैं। } 12

स्वतंत्रता दिवस की बधाई



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग, तपस्या और बलिदान का स्मरण करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है। स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सम्प्रभुता की रक्षा के साथ विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराने की प्रेरणा देता है।

देश की तरक्की में हर भारतीय दे योगदान

स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र को किया संबोधित

एजेंसी

नई दिल्ली। 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ ही घंटों बाद भारत की आजादी के 80वें साल की शुरूआत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने हर नागरिक से देश के लिए जागरूक रहने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। अपने भाषण में उन्होंने देश की तरक्की, संविधान, विदेश नीति, सरदार पटेल, सिंधु जल संधि और सरकार की कई योजनाओं के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले भारतीय स्वतंत्रता दिवस का त्योहार खुशी के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अपने सपनों को पूरा करने के साथ देश सर्वश्रेष्ठ बनाने में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश की तरक्की में योगदान देना ही आजादी की असली कीमत है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों, मजदूरों और किसानों की मेहनत की तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने काम से देश को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारा संविधान जनता की भागीदारी पर आधारित है। देश के लोग इस भावना को लगातार आगे ...शेष पृष्ठ 12 पर

विराज सागर दास ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन के अध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने आजादी के अमृत वर्ष पर बधाई देते हुए कहा कि भारत मां का सम्मान ही हर भारतीय का अभिमान है। स्वतंत्रता संग्राम में असंख्य शहीदों ने सर्वस्व न्योछावर कर भारत मां को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया।

अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापनदाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

15 अगस्त, शनिवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त, सोमवार को प्रकाशित होगा।

–सम्पादक

विभाजन मानव इतिहास का सबसे काला अध्याय : योगी

लाखों परिवारों ने झेली विस्थापन और हिंसा की पीड़ा, विभाजन की त्रासदी से सबक लेकर मजबूत भारत के निर्माण का लें संकल्प

विशेष संवाददाता

लखनऊ। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 में देश के विभाजन की त्रासदी को मानवता के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक बताया। आज पूरा देश उस भीषण त्रासदी की स्मृतियों से जुड़ रहा है, जब करोड़ों हिंदुओं को अपनी ही मातृभूमि और जन्मभूमि से विस्थापित होना पड़ा। उन्होंने कहा कि विभाजन केवल जमीन का बंटवारा नहीं था, बल्कि लाखों परिवारों के विस्थापन, हिंसा और पीड़ा का इतिहास है। इस त्रासदी से सबक लेते हुए प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और मजबूत भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। सत्ता प्राप्ति की लिप्सा में एक सनातन राष्ट्र को विभाजन की ओर धकेलकर उसके टुकड़े कर दिए गए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति ...शेष पृष्ठ 12 पर

अपराध के खिलाफ जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस नीति

लखनऊ। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी पुलिस के गीत 'खाकी का सितारा' के लॉन्चिंग हेतु आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में 'पद्म श्री' से सम्मानित प्रख्यात अभिनेता श्री नाना पाटेकर, अपने स्वर के माध्यम से इस गीत को एक नई ऊंचाई प्रदान करने वाले, 'पद्म श्री' से सम्मानित प्रख्यात गायक व संगीतकार श्री शंकर महादेवन, प्रतिष्ठित गीतकार श्री आलोक श्रीवास्तव और पूरी टीम का मुख्यमंत्री ने हृदय से अभिनंदन किया। इस अवसर पर ...शेष पृष्ठ 12 पर

स्वतंत्रता के समय मोदी प्रधानमंत्री होते तो बच जाती लाखों हिन्दुओं की जान

अयोध्या। सीएम योगी ने कहा कि 1947 में कांग्रेस एक बार अड़ गई होती तो देश का विभाजन नहीं होता। वहीं, यदि उस समय कोई नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री होता तो लाखों हिंदुओं का कत्लेआम नहीं होता। उन्होंने सपा सरकार में हिंदुओं के हत्यारों को मिली राहत और श्रीराम जन्मभूमि के खिलाफ की गई पैरवी का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामद्रोहियों से अंतिम दम तक निपटेंगे। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में परमहंस रामचंद्र दास महाराज के योगदान को याद किया।

परमहंस रामचंद्र दास जी महाराज की 23वीं पुण्यतिथि पर दिगंबर अखाड़े में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ...शेष पृष्ठ 12 पर

राम द्रोहियों से अंतिम दम तक निपटेंगे : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि जब चंदा चोरी की घटना सामने आई थी, हम लोगों को भी कष्ट हुआ था। इस पर कार्रवाई भी हुई। हालांकि, राम द्रोही अयोध्या धाम, श्रीराम जन्मभूमि, सनातन धर्म को अपमानित करने के साथ देश के अंदर माहौल खराब करने में जुट गए। हम सबको इसके प्रति सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई एक लंबी चलने वाली लड़ाई है। ऐसा नहीं है कि सत्ता के मद में हम लोग मौन हो जाएंगे। जो राम द्रोही होगा, उससे अंतिम दम तक निपटेंगे और पूरी ताकत से उसका मुकाबला भी करेंगे। तभी पूज्य परमहंस रामचंद्र दास जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर ...शेष पृष्ठ 12 पर

जनगणना 2027 के लिए 40 सवाल जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने जनगणना के दौरान लोगों की गिनती के चरण में पूछे जाने वाले 40 सवालों को शुक्रवार को अधिसूचित किया है, जिनमें जाति और कोविड टीकाकरण का स्थान जैसे सवाल शामिल हैं। यह प्रक्रिया हिमपात वाले इलाकों में एक सितंबर से शुरू होगी।

भारत के महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण के आदेश में उन सवालों की जानकारी दी गई है, जैसे कि क्या व्यक्ति अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से है और उसकी जाति क्या है। इस महीने की शुरुआत में जारी एक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के हिमपात वाले इलाकों में लोगों की गिनती एक से 30 सितंबर के बीच होगी।

आदेश में कहा गया है, इस जनगणना को कराने के लिए, घर-घर जाकर लोगों की गिनती शुरू होने से ठीक पहले, 17 से 31 अगस्त तक खुद से जानकारी भरने (सेल्फ-एन्यूमरेशन) का विकल्प भी होगा। देश के बाकी हिस्सों में लोगों की गिनती अगले साल शुरू होगी। पहली बार ऐसा होगा कि जनगणना में जाति का ब्योरा भी लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, प्रश्नावली में जातियों की कोई सूची होने की संभावना नहीं है और जवाब देने वालों से मिली जानकारी को ...शेष पृष्ठ 12 पर

पनीर में मिलावट को लेकर सरकार का बड़ा एक्शन, 25 ठिकानों पर छापा

विशेष संवाददाता

- गाजियाबाद, मथुरा और सहारनपुर में 24 टीमों का छापा
- 7,686 किलो खाद्य सामग्री की नष्ट, छह मामलों में एफआईआर

लखनऊ। आम लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों, विशेष रूप से पनीर की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गाजियाबाद, मथुरा और सहारनपुर में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया।

अभियान के दौरान 25 विनिर्माण इकाइयों पर कार्रवाई की गई, जबकि तीन इकाइयां नॉन-ऑपरेशनल मिलीं। खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायतों और प्राप्त अभिसूचना के आधार पर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश ने अभियान के लिए 24 विशेष प्रवर्तन टीमों का गठन किया था। इन टीमों ने संबंधित जिलों में दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों का निर्माण करने वाली प्रमुख इकाइयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ इकाइयों में पनीर निर्माण में औद्योगिक प्रयोगार्थ रसायनों तथा पामोलिन ऑयल/रिफाइंड वेजिटेबल ऑयल के इस्तेमाल की बात सामने ...शेष पृष्ठ 12 पर



अयोध्या में आज से शुरू होगा सावन झूला मेला

- अयोध्या के 5000 से अधिक मंदिरों में सजेगा झूलोत्सव

विशेष संवाददाता (vol)

अयोध्या। रामनगरी में श्रद्धालुओं का महाकुंभ माना जाने वाला सावन झूला मेला शनिवार से शुरू हो रहा है। 15 से 28 अगस्त तक चलने वाले इस मेले का पहला दिन मणिपर्वत पर मनाया जाएगा। मणिपर्वत पर भगवान राम-सीता का झूला विहार होगा। अयोध्याधाम के विभिन्न मंदिरों से 11 झांकियां निकलकर मणिपर्वत पहुंचेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खास निर्देश पर प्रशासन और पुलिस ने मेले की तैयारियों को अंतिम रूप भी दे दिया है।

मणिपर्वत मेले को एक जोन और पांच सेक्टर में विभाजित किया गया है। पूरे मेला क्षेत्र को छह जोन और 29 सेक्टर में बांटा गया है। पुलिस बल की ड्यूटी दो पालियों में लगाई जाएगी। मेला ड्यूटी कार्यालय का गठन सिंचाई डाक बंगला, नयाघाट अयोध्या में किया गया है। एसपी सिटी अयोध्या चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि मेले के दौरान पुलिस बल की मांग के अनुरूप तैनाती की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक से लेकर कांस्टेबल तक और महिला बल समेत पर्याप्त स्टाफ लगाया गया है। पीएसी, आरएएफ, एटीएस कमांडो और एसडीआरएफ टीमें भी उपलब्ध रहेंगी। ड्रोन कैमरे की व्यवस्था की गई है।

राम मंदिर के अनुष्ठान प्रभारी एवं महोत्सव के व्यवस्थापक आचार्य इंद्रदेव मिश्र ने बताया कि अयोध्या की परम्परा में मणिपर्वत के बजाय सुरक्षा कारणों से भगवान झूला बिहारी को पहली बार कुबेर नवरत्न टीला पर ले जाकर झूलन विहार कराया जाएगा।

बताया गया कि यहां पेड़ की डाल पर पहली बार झूला पड़ेगा। झूला तैयार करा लिया गया है। आम श्रद्धालु भी भगवान को झूला झुला सकेंगे। सावन शुक्ल तृतीया से अयोध्या में सावन झूला मेला का शुभारम्भ होता है। इस पर्व पर यहां के प्रतिनिधि मंदिरों से भगवान की शोभायात्रा निकाली जाती है, जो मणिपर्वत पर पहुंच कर उत्सव में परिणित हो जाती है। इस मौके पर लाखों श्रद्धालु युगल बिहारी सरकार का दर्शन कर अपने नेत्रों को धन्य करते हैं। धर्मनगरी में तो वैसे 5000 से अधिक छोटे-बड़े मंदिर हैं लेकिन प्रमुख रूप से श्री राम जन्मभूमि, कनक भवन, राजा दशरथ जी के महल, अशर्फी भवन, राम वल्लभा कुंज, दिव्या कला कुंज, विअहुति भवन, जानकी महल, राज सदन, रूप कला कुंज, मणिराम दास जी की छावनी जैसे प्रमुख मंदिरों में इस उत्सव की आभा देखते ही बनेगी।

प्रशासन का कहना है कि मेले के दौरान यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और आपात सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रदेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : योगी

- सीएम योगी ने किया यूपी टी-20 लीग का शुभारम्भ

लखनऊ। सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी गीत की गूंज के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की शाम उत्तर प्रदेश टी 20 लीग का भव्य उद्घाटन किया। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में लीग की शुरूआत हुई। रंगारंग कार्यक्रम में आतिशबाजी और लेजर शो का नजारा भी नजर आया। मुख्यमंत्री ने तिरंगा लहराया और दोनों टीम के कप्तानों के बीच में टॉस भी कराया। इस दौरान जैकलिन सैंडलिस और शंकर महादेवन और उनके बेटों ने शानदार संगीत में प्रस्तुति की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, इसलिए एक टीम की जगह यूपी की कई टीमें मैदान में उतरनी चाहिए। इसी सोच के साथ इस बार लीग में उत्तर प्रदेश की 6 टीमें भाग ले रही हैं।

उद्घाटन समारोह को यादगार बनाने के लिए मशहूर गायक शंकर महादेवन ने अपने गीतों से माहौल देशभक्ति से भर दिया। सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी सहित उनके देशभक्ति गीतों पर पूरा स्टेडियम एक साथ झूम उठा। सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर टी-20 का शुभारंभ शंकर महादेवन के गीतों के साथ होना प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा है।

इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और यूपी के स्टार क्रिकेटर सुरेश रैना के साथ-साथ टीम इंडिया के टी-20 विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी मौजूद रहे। दोनों खिलाड़ियों की मौजूदगी ने युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फिट युवा ही फिट इंडिया मंत्र उत्तर प्रदेश में जमीन पर उतर रहा है। इन मैचों की वजह से हमारे स्टेडियम तैयार होते हैं, स्टाफ को मजबूती मिलती है और युवाओं को फिट रहने के साथ मनोरंजन का एक बड़ा माध्यम मिलता है. यह सिर्फ क्रिकेट नहीं, यह प्रदेश के युवाओं के भविष्य को गढ़ने का ऐतिहासिक अवसर है।

बीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया कि इस लीग के जरिए प्रतिभावान क्रिकेटरों को मंच मिलेगा। स्पीड हंट के जरिए भी बहुत सारे खिलाड़ी चुने गए हैं। उत्तर प्रदेश में टैलेंट भरपूर है और इसी टैलेंट को आगे लाने के लिए यह लीग शुरू की गई है।

332 नायब तहसीलदारों की पदोन्नति, बने तहसीलदार

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने राजस्व परिषद के नायब तहसीलदारों को तहसीलदार पद पर पदोन्नति दी है। चयन वर्ष 2026-27 के नियमित चयन के तहत कुल 332 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया गया है। परिषद की ओर से आदेश जारी किया गया है। पदोन्नति संबंधी निर्णय 6 और 7 अगस्त 2026 को हुई विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की संस्तुति के आधार पर लिया गया है। पदोन्नत अधिकारियों को तहसीलदार पद का कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा गया है। आदेश में पदोन्नति के लिए निर्धारित शर्तों और शासनादेशों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पदोन्नति के बाद तहसीलदार पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 लागू होगा। इसमें 56,100 से 1,77,500 रुपये तक का वेतनमान निर्धारित है।

तिरंगा लेकर निकले एकेटीयू के छात्र

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा परिसर से निकाली गयी। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में यात्रा का शुभारंभ मुख्य भवन से हुआ। इस दौरान करीब पांच सौ मीटर तिरंगा लंबे तिरंगा को लेकर छात्र एकेटीयू चौराहा, से होते हुए भवानी चौराहा, नीता बहादुर चौक से पुनः विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में यात्रा में शामिल छात्र देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। साथ ही देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल गुंजायमान रहा।

शुद्धिकरण के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला मार्च

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर शुद्धिकरण के विरोध में शुक्रवार को पूरे प्रदेश के सभी जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों द्वारा एक विशाल मार्च एवं सत्याग्रह का आयोजन किया गया। राजधानी लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, लखनऊ से शांतिपूर्ण मार्च का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष उत्तरी अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं शहर अध्यक्ष दक्षिणी डा. शहजाद आलम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से मार्च निकलकर महात्मा गांधी की प्रतिमा जीपीओ की ओर कूच किया जहां रास्ते में लालबहादुर शास्त्री मार्ग के पहले भारी पुलिस बल द्वारा बैरीकेडिंग लगाकर कांग्रेसजनों को रोक लिया गया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दी बधाई

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस (15अगस्त) के पावन पर्व पर उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सभी को उन ज्ञात-अज्ञात असंख्य अमर शहीदों को नमन करने और याद करने का दिन है, जिन्होने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस अवसर पर हम सभी को देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

पंकज चौधरी व धर्मपाल ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि देश को अमर बलिदानियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व और कर्तव्यबोध है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय गौरव, उत्साह और एकता के साथ मनाएं तथा अमर बलिदानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें।

उत्कृष्ट लेखन करने वाले सम्मानित

लखनऊ। योगी सरकार की उपलब्धियों और प्रदेश में आये बदलाव को युवा पीढ़ी के नजरिए से सामने लाने की तैयारी है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की मासिक पत्रिका उत्तर प्रदेश संदेश को हिंदी के साथ अंग्रेजी में प्रकाशित करने और इसे युवाओं के अनुकूल ऑनलाइन उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने शुक्रवार को पत्रिका में उत्कृष्ट लेखन करने वाले लेखकों के सम्मान समारोह में इसकी जानकारी दी। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर उल्लेखनीय लेखन के लिए लखनऊ के प्रद्युम्न तिवारी, पायल लक्ष्मी सोनी और हाथरस की डॉ. शिवानी कटारा, गोरखपुर की ऋचा सिंह, कृषि सेक्टर में सिद्धार्थनगर की यशोदा श्रीवास्तव, लखनऊ के सियाराम पांडेय शांत को सम्मानित किया गया। देवरिया के डॉ. सौरभ मालवीय, प्रयागराज के वीरेन्द्र पाठक, लखनऊ के रुद्रेश घिल्डियाल को सम्मानित किया गया। महाराजगंज के रवि प्रकाश, आगरा की डॉ. सोनाली को सम्मान प्रदान किया गया।

एनसीबी ने फरार ड्रग सरगना बसोया को किया गिरफ्तार

- मोदी सरकार विदेशों में छिपे ड्रग तस्करों को ढूंढ-ढूंढ कर वापस ला रही : अमित शाह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नशीले पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के खिलाफ लड़ाई में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एससीबी) ने दिल्ली के सरोजिनी नगर इलाके के पिलंजी के रहने वाले और वांछित भगोड़े वीरेंद्र सिंह बसोया (उर्फ वीरू उर्फ बसोया) को भारत वापस लाने में सफलता प्राप्त की है। आज सुबह नई दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचने पर उसे हिरासत में ले लिया गया। एनसीबी के अनुरोध पर जारी इंटरपोल रेड नोटिस के आधार पर बसोया को जून 2026 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गिरफ़्तार किया था। भारतीय एजेंसियों ने यूएई के अधिकारियों से तालमेल बिठाकर भारत वापसी सुनिश्चित की।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार विदेशों में छिपे ड्रग तस्करों का लगातार पता लगा रही है और क्रूर अप्रोच अपनाते हुए उनके पूरे नेटवर्क को खत्म कर रही है। नशीले पदार्थों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए एनसीबी ने यूएई से फरार ड्रग सरगना वीरेंद्र सिंह बसोया की वापसी सुनिश्चित की।

यह मामला फरवरी 2024 में पुणे में शुरू हुआ, जब पुणे सिटी पुलिस ने 500 ग्राम मेफेड्रोन जब्त किया। इसके बाद ड्रग तस्करी के पूरे नेटवर्क की पहचान और उसे खत्म करने के लिए टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप तक की रणनीति अपनाते हुए जांच का दायरा बढ़ाया गया। बाद की जांच और कार्रवाई के दौरान पुणे से लगभग 867 किलोग्राम और दिल्ली से 970 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया गया, जिससे कुल बरामदगी लगभग 1,837 किलोग्राम मेफेड्रोन हो गई। इसके बाद मामले को आगे की जांच के लिए एनसीबी की मुंबई जोनल यूनिट को सौंप दिया गया। जांच में बसोया की पहचान एक अहम विदेशी ऑपरेटिव और कथित साज़िशकर्ता के तौर पर हुई है। वह विदेश से सिंडिकेट की गतिविधियों को कोऑर्डिनेट करता था और भारत से दूसरे देशों में मेफेड्रोन की खेप भेजने में मदद करता था। दिल्ली में बरामद हुई लगभग 970 किलोग्राम मेफेड्रोन की एक बड़ी खेप, कथित तौर पर उसके जुड़े हुए कूरियर चैनलों के जरिए एक्सपोर्ट करने की तैयारी से संबंधित थी। उसकी भूमिका घरेलू मैन्युफैक्चरिंग और तस्करी नेटवर्क को विदेशी डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों से जोड़ने वाली एक अहम कड़ी के तौर पर सामने आई।

शहर को मिला नौसेना का शौर्य संग्रहालय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीजी सिटी में अर्बन वेट लैंड के पास बना नौसेना का शौर्य संग्रहालय 15 अगस्त 2026 से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण संग्रहालय का संचालन करेगा। शुरूआत के 02 सप्ताह तक लोगों के लिए निःशुल्क प्रवेश की सुविधा रहेगी। इसके बाद बच्चों के लिए 25 व व्यस्कों के लिए 50 रुपये प्रति व्यक्ति टिकट लगेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर संग्रहालय खोलने के आदेश जारी कर दिये हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि माननीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी व माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 30 मई, 2026 को संग्रहालय का लोकार्पण किया था। अब लखनऊ विकास प्राधिकरण इसका संचालन व अनुरक्षण करेगा। आजादी के इस महापर्व के अवसर पर शनिवार से संग्रहालय आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। अगले 02 सप्ताह तक संग्रहालय में टिकट नहीं लगेगा और यहां घूमने आने वाले लोगों को कोई प्रवेश शुल्क नहीं देना होगा। इसके बाद व्यस्कों के लिए 50 रुपए व बच्चों के लिए 25 रुपए प्रवेश शुल्क लागू होगा। संग्रहालय सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुलेगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि 15 अगस्त को 03 यूपी नेवल यूनिट यहां ध्वजारोहण करेगी। नौसेना शौर्य संग्रहालय में टीयू-142 समुद्री गश्ती विमान स्थापित किया गया है, जो सेना के शौर्य का साक्षात्कार कराएगा। यहां लोग भारतीय नौसेना के विशेष पोत आइएनएस गोमती का पूरा ब्योरा जान सकेंगे। साथ ही पोत के लिए उपयोगी रहे कैपस्टन ड्रम का दीदार करेंगे।

ट्रामा सेंटर को इंस्टीट्यूशनल नेशनल अवार्ड

लखनऊ। केजीएमयू के न्यूरो सर्जरी विभाग की ट्रामा सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए न्यूरोट्रॉमा सोसाइटी ऑफ इंडिया ने हैदराबाद में हुई वार्षिक मीटिंग में वर्ष 2026 का इंस्टीट्यूशनल नेशनल अवार्ड प्रदान किया है। देश भर के 7 विभिन्न मेडिकल सेंटर्स ने इस इंस्टीट्यूशनल अवार्ड के लिए अप्लाई किया था। इस अवार्ड ने न्यूरो सर्जरी विभाग और केजीएमयू को नेशनल लेवल पर मान्यता दिलाई है। केजीएमयू के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. बीके ओझा व कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने सम्मान पर न्यूरो सर्जरी विभाग समेत पूरी टीम को बधाई दी।

गांव-गांव पहुंचेगी मोबाइल हेल्थ यूनिट

लखनऊ। प्रदेश में ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ यूनिट्स की शुरूआत की गई। शुक्रवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश शासन और पीडी हिंदुजा हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक द्वारा हिंदुजा मोबाइल हेल्थ यूनिट्स को फ्लैग ऑफ किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएनएल ने पेश किए खास प्लान

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनल) ने ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर पेश किए हैं। कंपनी ने ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए हाईस्पीड इंटरनेट प्लान में राहत देने के साथ मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए लंबी वैधता और मनोरंजन से जुड़े फायदे भी बढ़ाए हैं। कंपनी ने एफटीटीएच ग्राहकों के लिए 1,111 रुपये का विशेष प्लान पेश किया है, जिसमें 200 एमबीपीएस की स्पीड के साथ एक महीने के लिए 5,000 जीबी डेटा मिलेगा। इसके साथ अनलिमिटेड कॉलिंग और 25 से अधिक ओटीटी चैनलों की सुविधा भी दी जाएगी। बीएसएनएल के नए मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) राजेश कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि 1,111 रुपये वाला एफटीटीएच प्लान पहले 1,199 रुपये का था। कंपनी ने इसमें 88 रुपये की छूट दी है।



समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती बन्दना
ग्राम प्रधान
प्रधान प्रतिनिधि राम देव
ग्राम पंचायत परशुराम पुर ठेक हाई विकास खण्ड सलोन रायबरेली

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब शाहनवाज अतहर
प्रधानाचार्य
अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाईस्कूल
तिकोनियां, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब मुहम्मद गुलशेर
यूथ जिलाध्यक्ष
एआईएमआईएम, इटावा

कांग्रेस परिवार की ओर से 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब शोजब रिजवी
जिलाध्यक्ष-यूथ कांग्रेस
निवास- घटिया अजमत अली, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब रियाज अहमद
युवा जिलाध्यक्ष
श्री आलोक दीक्षित
जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पजी.), इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री दीपक गुप्ता
जिलाध्यक्ष
भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब हाजी शहंशाह वारसी
जिला संरक्षक
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पजी.), इटावा

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती अंजू देवी-ग्राम प्रधान
प्रतिनिधि राम मिलन
ग्राम सभा भगवान पुर बढ़िया
विकास खण्ड सलोन रायबरेली

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. परितोष शुक्ला
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष)
शुभ्रान्त कुमार शुक्ल
जिलाधिकारी
इटावा
जिला अस्पताल, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री अमित यादव
कृष्णा फिजियोथेरेपी
पक्का तालाब
जिला अस्पताल इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सुनीता कुशवाहा
महिला जिलाध्यक्ष
कांग्रेस पार्टी/उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रंजीत सिंह कुशवाहा
जिला कोषाध्यक्ष
अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, इटावा
पता-स्वेता स्टील आयरन सेफ फैक्ट्री के सामने पक्का बाग इटावा को हाईलाइट कर दें

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम सभा घुरहट
विकास खण्ड सलोन रायबरेली

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. चौ. शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान, इटावा
प्रतिदिन मोतियाबिंद का ऑपरेशन
निर्धनों के लिए नि:शुल्क ऑपरेशन
मंत्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित एडवोकेट
पता- ठाकुर जी राधाकृष्ण मंदिर, श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री राघवेन्द्र सिंह
(इमरजेन्सी मेडिकल आफीसर)
जिला अस्पताल इटावा

15 अगसत स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती विनीता गुप्ता
भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति
महिला मोर्चा, इटावा
अरूण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता
भाजपा जिलाध्यक्ष
इटावा

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शत्रोहन
ग्राम प्रधान
ग्राम सभा अलीगंज
विकास खण्ड सलोन रायबरेली

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद इदरीश अंसारी
अध्यक्ष-बुनकर समाज
आलमपुरा, इटावा

15 अगसत स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री शिवम राजपूत
चेयरमैन
डा. श्रीमती अनामिका राजपूत
डायरेक्टर
शिवम हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
पता- कचैरा रोड, साईं मंदिर के आगे
एसबीएस कोल्ड स्टोरेज के सामने, इटावा

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमराज
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरपुर हल्ला
विकास खण्ड सलोन रायबरेली

भारत सरकार
NIELIT
NSDA
NCPUL
O' Level DCA CCC TALLY
SIIT शस्त्री इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्फारमेशन टैक्नोलोजी
206, कटरा सेवाकली, बजरिया, इटावा
9412349879 9456251603 9410058488
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. तारिक शम्शी
इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री सौरभ दीक्षित
पूर्व चेयरमैन
नगर पंचायत इकदिल
भारतीय जनता पार्टी यूथ मोर्चा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, इटावा
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा बी ग्रेड प्राप्त
(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध)
विशेषताएं:-
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ
- कम्प्यूटर लैब की सुविधा
- ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट की व्यवस्था
- जनपद का प्राचीन एवं उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान
- खेल कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का श्रेष्ठ आयोजन
सत्येन्द्र कुमार वर्मा
अध्यक्ष, प्रबंध समिति
ओमकार नाथ वर्मा
मंत्री, प्रबन्ध समिति
प्रो. (डॉ.) महेन्द्र सिंह
प्राचार्य

जनपद जालौन, औरया व इटावा के सभी जनपदवासियों, समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
के. पी. राव
वरिष्ठ सहायक
कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी
जिला जालौन



तिरंगे की रोशनी में नहाया लखीमपुर

जिला संवाददाता(vol)

- एक शाम देश के नाम में देशभक्ति के तरानों पर थिरके कदम
- आसमान में आतिशबाजी ने बिखेरी रंगीन रोशनी

लखीमपुर खीरी। शाम ढली तो शहर पर देशभक्ति का रंग चढ़ गया। मंच सजा, रोशनी जली और जैसे ही देशभक्ति के सुर गूंजे, माहौल में जुनून भर गया। किसी के हाथ में तिरंगा था तो किसी के मोबाइल में उस पल को कैद करने की होड़। मौका था हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से आयोजित ह्यएक शाम देश के नाम राष्ट्रभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक संध्या का। लखनऊ के पराक्रम बैंड से लेकर स्थानीय कलाकारों तक ने ऐसा समां बांधा कि देर रात तक शहर देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम अंजनी कुमार सिंह एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप की लौ के साथ शुरू हुई शाम धीरे-धीरे सुरों की ऐसी महफिल में बदल गई, जिसमें हर प्रस्तुति के साथ भारत माता के जयकारे और तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई देती रही। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी राममोहन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि तिरंगा हर भारतीय के गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। ह्यहर घर तिरंगाह्ल केवल अभियान नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का उत्सव है।

पराक्रम के सुरों ने बांधा समां

राजधानी लखनऊ के सुप्रसिद्ध पराक्रम बैंड ने मंच संभाला तो माहौल पूरी तरह बदल गया। देशभक्ति के गीतों की एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अपनी जगह से उठने पर मजबूर कर दिया। कलाकार गा रहे थे और सामने मौजूद नगरवासी भी सुर में सुर मिलाकर देशभक्ति के तराने गा रहे थे। पूरा परिसर मानो एक साथ धड़कते दिल की आवाज बन गया।

स्थानीय हुनर ने भी लूटी महफिल

मंच पर लखीमपुर की प्रतिभाओं ने भी अपनी चमक बिखेरी। राजेश दीक्षित, सुनील यादव, निधि गौतम, राज सिंह, सुयश गुप्ता, कलेक्ट्रेट कर्मी कुशाग्र कौशर, विशाल सेठ और स्वर संगम संगीत विद्यापीठ के छात्र योनित पुरी ने देशभक्ति गीतों से माहौल को भावनाओं से भर दिया। हर प्रस्तुति के बाद तालियों की गूंज कलाकारों का उत्साह बढ़ाती रही।

नन्हीं प्रतिभाओं ने मंच से सुनायी राष्ट्रप्रेम की कहानी

आर्यकन्या इंटर कॉलेज और गुरु नानक विद्यक सभा बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति आधारित नाट्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। अभिनय के जरिए देशप्रेम, त्याग और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का संदेश दिया गया तो दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

युवक का माइनर में मिला शव

सीतापुर । महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र से बुधवार को लापता हुए युवक का शव शुक्रवार सुबह बाराबंकी के भगौली क्षेत्र के माइनर से बरामद हुआ। युवक की बाइक दो दिन पहले शारदा नहर किनारे लावारिस हालत में मिली थी। शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। मरहमत नगर निवासी अम्बरीष कुमार मौर्या (28) पुत्र स्व. कौशल मौर्या बुधवार को किसी काम से घर से निकले थे। इसके बाद वापस नहीं लौटे। तलाश के दौरान भगौली क्षेत्र में नहर किनारे उनकी बाइक मिली। बाइक के नंबर से पहचान होने पर परिजन मौके पर पहुंचे। नहर में गिरने की आशंका में तलाश शुरू की गई। शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे कतूरी और बाबा कुटी के बीच स्थित माइनर में अम्बरीष का शव बरामद हुआ। उनके दो छोटे बच्चेकृचार वर्षीय ब्रजेश और छह वर्षीय काव्या हैं। भाजपा विधायक आशा मौर्य ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मौत की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

विधायक की अगुवाई में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का नेतृत्व विधायक अमन गिरि करेंगे। आयोजन को लेकर कार्यकताओं और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों के अनुसार तिरंगा यात्रा की शुरूआत अलीगंज रोड स्थित जयशंकर बारात घर से होगी। इसके बाद यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नानक चौकी तक पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ शामिल होंगे। यात्रा का समापन नानक चौकी के पास तिरंगा फहराकर किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश देने की अपील की है। उनका कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं और आमजन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करना है।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विद्यार्थियों ने लिया राष्ट्रीय एकता का संकल्प

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं जागरूकता

कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भारत विभाजन की त्रासदी में प्रभावित लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और विद्यार्थियों ने देश की एकता, अखंडता तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने कहा कि भारत विभाजन देश के इतिहास की सबसे पीड़ादायक घटनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को उस दौर के संघर्ष, विस्थापन और मानवीय पीड़ा से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों की पुनरावृत्ति न हो। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभाजन से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से इतिहास से सीख लेकर समाज में भाईचारा, सद्भाव और शांति बनाए रखने का आह्वान किया। विद्यार्थियों को विभाजन के सामाजिक प्रभावों और मानवीय मूल्यों के महत्व की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने विभाजन की विभीषिका से प्रभावित लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सौहार्दपूर्ण और समरस समाज के निर्माण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक ने जिलाध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा, सपा में फिर फूटा असंतोष

सीतापुर। समाजवादी पार्टी में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन के भीतर की खींचतान एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। सीतापुर सदर के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को पत्र भेजकर जिला संगठन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने मौजूदा जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। पूर्व विधायक ने पत्र में आरोप लगाया कि जिलाध्यक्ष पुराने, कर्मठ और वफादार कार्यकताओं की अनदेखी कर दूसरे दलों से आए लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दे रहे हैं। इससे संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में नाराजगी है। सबसे गंभीर आरोप उन्होंने जिलाध्यक्ष पर कांग्रेस सांसद राकेश राठौर और उनके प्रतिनिधि महेंद्र यादव के दबाव में काम करने का लगाया है। जायसवाल ने महेंद्र यादव को जिला महासचिव बनाए जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई।

संक्षेप

टायर बदलते-बदलते कार में बैठे शिक्षक की मौत

सीतापुर। शहर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक शिक्षक की कार में बैठे-बैठे मौत हो गई। फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास सड़क किनारे खड़ी कार में करीब दो घंटे बाद उनका शव मिला। कार का दरवाजा खुला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। कोतवाली देहात क्षेत्र के इस्माइलपुर मोहल्ला निवासी राधेश्याम पटेल (50) ऐडेड स्कूल जनता माध्यमिक विद्यालय सोनारी में शिक्षक थे। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे वह मारुति-800 से स्कूल के लिए निकले थे। घर से करीब 15 किलोमीटर दूर कार का पिछला टायर पंक्चर हो गया। उन्होंने सड़क किनारे कार रोककर खुद ही टायर बदलना शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शी दुकानदार अजहर के अनुसार, शिक्षक ने डिक्की से स्टेपनी निकालकर टायर के पास रखी, लेकिन अचानक वह कार में जाकर बैठ गए। इसके बाद दोबारा बाहर नहीं निकले। दुकानदारों को लगा कि शायद थकान के कारण आराम कर रहे हैं। करीब दो घंटे बाद कार वहीं खड़ी देखकर दुकानदारों को शक हुआ। पास जाकर देखा तो शिक्षक सीट पर अचेत पड़े थे। आवाज देने और हिलाने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। पुलिस को सूचना दी गई। इस बीच पत्नी अनुराधा और बेटी यशस्वी (21) मौके पर पहुंचीं। पति का शव देखकर पत्नी बदहवास हो गईं और बेटी रोते हुए पिता से घर चलने की बात कहती रही। परिवार में बेटा अनूप (18) भी है।

सीतापुर में तीन लोगों ने लगायी फांसी

सीतापुर। जिले में शुक्रवार को फंदे से मौत के तीन मामले सामने आने से सनसनी फैल गई। शहर कोतवाली, रामकोट और सकरन क्षेत्र में तीन युवकों के शव पेड़ों से लटके मिले। तीनों मामलों में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं, लेकिन मौतों के पीछे की परिस्थितियां कई सवाल छोड़ गई हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र में आरएमपी ग्राउंड के सामने जंगल में 28 वर्षीय अजीत कुमार निवासी तेंदुआ, मितौली का शव पेड़ से लटका मिला। वह वर्ष 2020 से सीतापुर की कोल्ड ड्रिंक एजेंसी में भाइयों के साथ काम करता था। 11 अगस्त की रात घर जाने की बात कहकर निकला था, इसके बाद लापता था। पुलिस प्रथमदृष्टया आत्महत्या मानकर जांच कर रही है। रामकोट के चेना गांव में 40 वर्षीय विजय कुमार का शव जामुन के पेड़ से लटका मिला। वह करीब आठ वर्ष पहले पत्नी और 12 वर्षीय बेटी की हत्या के मामले में जेल गया था और दो वर्ष पूर्व जमानत पर बाहर आया था। शुक्रवार को उसी मुकदमे की न्यायालय में सुनवाई थी। पुलिस के अनुसार वह तनाव में था। सकरन क्षेत्र में छह दिन से लापता 22 वर्षीय पवन का शव चाचा के धान के खेत में पेड़ से लटका मिला। शव जंगली जानवरों द्वारा नोचे जाने से क्षत-विक्षत था। पत्नी से विवाद और शिकायत की बात भी सामने आई है। परिजनों ने मौत पर आशंका जताई है। पुलिस ने तहरीर न मिलने की बात कही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट होगी।

आयुक्त ने परखीं बाढ़ की तैयारियां

लखीमपुर खीरी। नदियों के तेवर भले ही फिलहाल शांत हों, लेकिन संभाङ्कवित बाढ़ और कटान को लेकर प्रशासन ने कमर कस रखी है। शुक्रवार को लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में बाढ़ से निपटने की तैयारियों की एक-एक कड़ी परखी।

अफसरों से सिर्फ व्यवस्थाओं की जानकारी ही नहीं ली, बल्कि आपदा के समय त्वरित मदद पहुंचाने के लिए विभागवार जिम्मेदारियां और संसाधनों की उपलब्धता भी जांची। इसके बाद वह सीधे कटान प्रभावित ग्राम ग्रांट नंबर 12 पहुंचे और पैदल गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से हालात का फीडबैक लिया। जनपद आगमन पर डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग और सीडीओ अभिषेक कुमार ने आयुक्त का स्वागत किया। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों से परिचय और उनके दायित्व जानकर बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में बाढ़ चौकियां, शरणालय, गोताखोर और राहत व्यवस्था तैयार है। ठअफ्रकी टीम पलिया में कैंप कर रही है, जबकि पीएसी की फ्लड टीम और पुलिस विभाग की चार मोटरबोट फील्ड में तैनात हैं। इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर क्रियाशील है। फिलहाल जिले में बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। बाढ़ से संबंधित सभी प्रमुख टेंडर पूरे किए जा चुके हैं और स्वास्थ्य, पुलिस तथा पशुपालन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर तैयारियां पूरी की गई हैं। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार ने घाघरा, शारदा, मोहाना और सुहेली नदियों की स्थिति और जिले की भौगोलिक संवेदनशीलता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बाढ़रोधी परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले को अति संवेदनशील से संवेदनशील श्रेणी में लाया गया है। इस वर्ष स्वीकृत 12 बाढ़रोधी परियोजनाएं शत-प्रतिशत पूरी हो चुकी हैं। प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है और लगातार निगरानी की जा रही है। बैठक में सुहेली नदी के पुनर्जीवन से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। जालिमनगर पुल के गाइड बांध स्थित मंदिर को प्रोटेक्शन वर्क के माध्यम से सुरक्षित किए जाने की जानकारी भी दी गई।

बंद मकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख के जेवर चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर की वीरेंद्र नगर कॉलोनी में चोरों ने बंद पड़े एक मकान का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। घटना का पता तब चला जब मकान मालिक शुक्रवार शाम परिवार के साथ गांव से लौटे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वीरेंद्र नगर कॉलोनी निवासी विशाल पटेल परिवार सहित गांव गए हुए थे। शुक्रवार शाम घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर कमरों का सामान बिखरा पड़ा मिला। चोरों ने घर में रखी सेफ का ताला भी तोड़ दिया और उसमें रखे करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए "खुली–ई" निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा नोटिस सं NER-BSB0SnT-OT-46-2026 कार्य का नामः** वाराणसी डिवीज़न के व.म.सि.दू.ई./समन्वय/वाराणसी के अधिकार क्षेत्र में, आर.डी.एस.ओ. द्वारा जारी नवीनतम TAN के अनुसार सिग्नल और टेलीकॉम इंस्टॉलेशन के लिए बैलेंस अर्थिंग और बॉन्डिंग का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹37724025.00 **बयाना की राशिः** ₹754500.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत** : Rs 00.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 10 माह। **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 07.09.2026 को 15.00 बजे: नोटः** 1. ई–निविदा दिनांक 07.09.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
म0रे0प्र0 (सि0एवंदूर0सं0)/वाराणसी
मुजाधि/सिंगनल–97

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से दिव्यांग युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा चड़रा बाईपास के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान जमुनिया गांव निवासी राजू (24) पुत्र श्याम बिहारी के रूप में हुई है। राजू दोनों आंखों से दिव्यांग थे। ग्रामीणों के अनुसार वह महोली और आसपास के क्षेत्रों में घूमते रहते थे। बताया गया कि शुक्रवार को राजू किसी तरह चड़रा बाईपास के पास राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच पहुंच गए। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह उछलकर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

पीएम स्वनिधि शिविर में चार लाभार्थियों को चेक और पांच को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित

सीतापुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद सीतापुर कार्यालय में पीएम स्वनिधि योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित शिविर में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों और योजना के लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। शिविर में कुल 60 पंजीकृत लाभार्थी शामिल हुए, जिनमें 18 लाभार्थियों के प्रथम ऋण का स्वीकृति की गई। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने चार लाभार्थियों को डमी चेक प्रदान किए। इसके अलावा पांच लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए गए। इस दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद गुप्ता, नगर अध्यक्ष बृजेश कुमार रस्तोगी और उपाध्यक्ष प्रतीक जंदल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भी लाभार्थियों को योजना से संबंधित जानकारी दी और ऋण प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। शिविर में लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया स्थलीय निरीक्षण

सीतापुर। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को लहरपुर और हरगांव क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति, राहत-बचाव कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए प्रभावित परिवारों तक तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

प्रभारी मंत्री ने हरगांव-लहरपुर क्षेत्र में शारदा सहायक पोषक नहर पर चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप काम तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने लहरपुर तहसील के ग्राम सेमरिया पहुंचकर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को राहत सामग्री और आवश्यक सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध कराने को कहा। प्रभारी मंत्री ने शारदा नहर से पोषक नहर के किलोमीटर 36.878 पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए आवश्यक सुरक्षात्मक और वैकल्पिक व्यवस्थाएं तत्काल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी, जलस्तर पर नजर तथा राहत शिविरों में भोजन, पेयजल और चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO KHNM-MX-144-24-1 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.08.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट)	28.08.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.08.2026 समय 11:30 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO PRG-MX-189-26-1 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.08.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट)	28.08.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.08.2026 समय 11:40 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO SLN-MX-190-26-2 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.08.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट)	28.08.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.08.2026 समय 11:50 बजे
वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

2812/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विभाजन विभीषिका दिवस को अखंड भारत संकल्प दिवस के रूप में मनाने का आह्वान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सीजीएन पीजी कॉलेज में शुक्रवार को भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। वक्ताओं ने देश विभाजन की त्रासदी को याद करते हुए युवाओं से इतिहास से सीख लेने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा छात्र-छात्राओं को तिरंगा वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने कहा कि भारत विभाजन का दर्द आज भी देश की स्मृतियों में जीवित है। उन्होंने इसे अखंड भारत संकल्प दिवस के रूप में मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। गोष्ठी में डॉ. विकास ने भारत विभाजन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विश्वनाथ ने विभाजन के राजनीतिक कारणों पर चर्चा की। भूगोल विभाग के डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा ने इसके भौगोलिक प्रभावों और डॉ. गौरव अवस्थी ने सांस्कृतिक परिणामों पर अपने विचार रखे। छात्र शिवांशु और उमम ने काव्य पाठ के माध्यम से विभाजन की पीड़ा को अभिव्यक्त किया। वहीं राज जायसवाल, प्रतिज्ञा अवस्थी, कृष्णा शर्मा और शिव शंकर ने भी अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को तिरंगा वितरित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को सदैव स्मरण रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की रूपरेखा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल ने तैयार की। संचालन डॉ. विवेक कुमार सिंह ने किया तथा डॉ. प्रमोद कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

निविदा सूचना संख्या	विद्युत/ डब्ल्यू./ आलमबाग/ 230/ 2026-27		
कार्य का विवरण	कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनउ में विभिन्न शॉप एवं स्कैंप डिपों आलमबाग के बीच स्क्रैप एवं नये सामान को लाने व ले जाने का कार्य।		
अनुमानित लागत	₹ 18,89,664/-	धरोहर राशि	₹ 37,800/-
निविदा प्रपत्र मूल्य	शून्य	कार्य समापन अवधि	18 माह
अन्य सूचना			
निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय	07.09.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक।	निविदा खुलने की तिथि व समय	07.09.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद।

•निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। •निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। •डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक/ डिपॉजिट रसीद/ एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविंदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। •प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्याः विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/ 230/2026-27 दिनांकः 13.08.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2797/2026

संक्षेप

गड्ढे से शव बरामद पत्नी और बेटी ने की थी छोटे लाल की हत्या

रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र में ग्राम सभा बराइन में खौफनाक वारदात सामने आई है जहा 17 जुलाई से लापता छोटेलाल का घर से महज 50 मीटर दूर गड्ढे में कंकाल मिला है वही इस मामले में मृतक की पत्नी व बेटी पर हत्या कर गड्ढा खोदकर शव दफनाने का आरोप लगा है। पुलिस द्वारा पूछताछ पर पता चला कि उसकी आरोपी पत्नी व बेटी नहीं छोटेलाल की हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगा दिया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने गड्ढा खुदवा कर कंकाल को बरामद कर लिया है। पुलिस ने छोटे लाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है वही मृतक के बेटे सतीश ने गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी पुलिस की जांच पड़ताल में गड्ढे से कंकाल बरामद हुआ है। पत्नी केशकली व बेटी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

साइबर फ्रॉड करने वाले आठ गिरफ्तार

रायबरेली। साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा फर्जी फर्म और बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगी की रकम का लेन-देन करते थे पुलिस ने गिरोह के 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में मोबाइल फोन और बैंक दस्तावेज बरामद किए है। आरोपियों के पास से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड और फर्जी फर्म के दस्तावेज भी मिले।कोतवाली नगर और साइबर क्राइम पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई जारी।

युवा शक्ति की थीम के तहत 2047 का आगाज

रायबरेली। जनपद मुख्यालय पर 66 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा बटालियन मुख्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन वंदे मातरम्‌ के 150 साल एवं विकसित भारत 2047 के लिए युवा शक्ति की थीम के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी एवं जिला प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय देखने को मिला। इस अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, एसपी रवि कुमार, ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स, अनोस एवं एनसीसी स्टाफ को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कमान अधिकारी कर्नल उदय भानु ने उपस्थित सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

तिरंगा यात्रा में गूंजा भारत माता की जय

परशदेपुर, रायबरेली। हर घर तिरंगा अभियान के तहत क्षेत्र के मधुकरपुर स्थित बाबा रामदास इंटरमीडिएट कालेज के छात्र छात्राओं ने भारत माता की जय व वंदे मातरम्‌ के उद्घोष के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाल कर राष्ट्र के प्रति एकता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में शामिल छात्र छात्राओं में सबसे आगे भारत माता की भेष धारण किए हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लिए छात्रा का जज्बा देख अन्य छात्र भी राष्ट्र भक्ति में रंगे नजर आये। हाथ में अपने देश की आन बान शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लिए सभी के चेहरों पर अपने देश के प्रति प्रेम व समर्पण साफ दिखाई दे रहा था।

सूचना–
सूच्य हो कि मेरा नाम सलमा पत्नी लियाकत अली है। मेरे पासपोर्ट पर सलमा बेगम लिख गया है, जो कि गलत है। मुझे सलमा के नाम से पढ़ा व समझा जाए।
श्रीमती सलमा पत्नी लियाकत नि0 ग्राम मोतीपुर पो0 सेलूमऊ थाना हरगांव तह0 व जिला सीतापुर।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर उसका नाम सुमेश बाजपेई (SUMESH BAJPEI) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। पुत्र के हाईस्कूल अंक प्रमाण पत्र में उसका सही नाम SOMESH BAJPAI अंकित है। अंक प्रमाण पत्र के अनुसार आधार कार्ड पर पुत्र का सही नाम SOMESH BAJPAI दर्ज किया जाये। विनय कुमार पुत्र रामऔतार निवासी गुजिया नगर पंचायत महोली तहसील महोली-सीतापुर।

सीएम ने महंत परमहंस रामचंद्र दास को अर्पित की श्रद्धांजलि

बजरंगबली के दरबार पहुंचे योगी, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

अयोध्या। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले सरयू अतिथि गृह से रामकथा पार्क स्थित ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास महाराज के समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पार्चन किया। श्रीराम जन्मभूमि न्यास के प्रथम अध्यक्ष रहे परमहंस रामचंद्र दास महाराज की 23वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। परमहंस रामचंद्र दास महाराज का अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उनसे आत्मीय संबंध रहा है। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के साथ परमहंस रामचंद्र दास रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख

संत रविदास मंदिर में मुख्यमंत्री ने अर्पित की पुष्पांजलि, संत समाज से लिया आशीर्वाद

संतों में शामिल रहे। समाधि स्थल पर मुख्यमंत्री ने विधिवत पुष्पांजलि अर्पित की।इस दौरान बड़ी संख्या में संत-महंत और श्रद्धालु भी मौजूद रहे। संतों ने भी परमहंस रामचंद्र दास महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां उन्होंने बजरंगबली के दर्शन-पूजन कर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद हनुमानगढ़ी स्थित इमली बाग में पहुंचकर स्वर्गीय महंत संत रामदास को श्रद्धांजलि अर्पित की। हनुमानगढ़ी से मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया। रामलला के दर्शन के बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ दिगंबर अखाड़ा पहुंचे, जहां वह ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास महाराज के 23वें पुण्य स्मृति महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संत-महंतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री रायगंज स्थित संत रविदास मंदिर भी गए। यहां उन्होंने संत रविदास को नमन करते हुए मंदिर के स्वर्गीय महंत पूज्य बनवारी पति ब्रह्मचारी को पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के अयोध्या दौरे के दौरान संत समाज और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

चिकित्सा शिविर गंगा-जमुना तहजीब का बना गवाह

गोशाईगंज- अयोध्या। गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बफार्नी सेवा समिति की अध्यक्ष आरती जयसवाल द्वारा कस्बे के भीटी चैराहा समीप प्रकाश इंडस्ट्रीज एवं आयरन स्टोर/अंबानी टाइल्स के समीप लगवाया गया 02 दिवसीय चिकित्सा शिविर शुक्रवार को हिंदू-मुस्लिम भाई चारे का गवाह बना !पुष्प वर्षा अभियंता विकास पटेल, प्रमोद श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, रमाकांत मिश्रा सहित अन्य दर्जनों लोगो ने आजमगढ़- लखनऊ राजमार्ग से अवागमन करने वाले शिव भक्त कावरियो पर पुष्प वर्षा कर माहौल को भक्ति मय बना दिया !गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राणा रवि प्रकाश की देखरेख में लगाए गए इस 02 दिवसीय चिकित्सा

कार्यक्रम में शामिल होने आए व्यापारी नेता ध्रुव गुप्ता मया के साथ-साथ जय बाबा अमरनाथ बफार्नी सेवा समिति के प्रबंधक दिनेश कुमार जायसवाल पत्रकार, बजरंग समिति के अध्यक्ष अशोक मोदनवाल, सदस्य विजय वर्मा के संग मुस्लिम नेता इकबाल अंसारी, इस्तियाक अंसारी, अहमद कुरैशी, मनोज जायसवाल सीजर, फाइनल विद्युत केंद्र पर तैनात अवर अभियंता शिव शंकर यादव, अवर शिविर मे चोट, मोच, सर्दी, जुकाम जैसी अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित सैंकड़ो से अधिक शिव भक्तों के साथ दर्जनों राहगीरों ने अपना उपचार कराकर निरूशुल्क दवा लिया। सफल कार्यक्रम आयोजन उपरांत सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बफार्नी सेवा समिति की अध्यक्ष ने चिकित्सा शिविर से जुड़े सभी शुभ चिंतको, चिकित्सकोंका आभार ज्ञापित किया।

केएनआईएमटी के नर्सिंग छात्रों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

सुलतानपुर (वीओएल)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को केएनआईएमटी के नर्सिंग संकाय में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में नर्सिंग संकाय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संस्थान के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम, एकता और देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। राष्ट्रीय ध्वज के साथ विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के डायरेक्टर प्रो. महेश प्रसाद, प्रशासक राजेश दूबे और प्राचार्य रजनी नगपुरे ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रध्वज का सम्मान करे और देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने में योगदान दे। तिरंगा यात्रा में चंद्रावती दूबे, आंचल मिश्रा, प्रांजलि देवी, श्रद्धा लक्ष्कार, रिचा सिंह, हीना परवीन, दिव्यांशी शुक्ला, खुशबू वर्मा, मृदुला पांडेय, विभा यादव, निधी जायसवाल, जीनत नसीब, सौम्या पांडेय, गुनिया यादव, तारा देवी सहित संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

तिरंगा लेकर निकले छात्र-छात्राएं, भारत की एकता और राष्ट्रप्रेम का दिया संदेश

दुबेपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिस्टर नीतू इंटरनेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज की ओर से गुरुवार को भव्य तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यालय प्रशासन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति की अलख जगाई। रैली के मुख्य अतिथि धमौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विपेंद्र कुमार वर्मा रहे। पुलिस टीम ने रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाली। विद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली कानुपुर, टिकरिया, भाईं मार्ग और बहरौली होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। मार्ग में ग्रामीणों ने भी रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा देश की एकता, गौरव, त्याग और वीरता का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों से अनुशासन, शिक्षा, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विद्यालय प्रबंधक सौरभ पांडे ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत करते हैं। प्रधानाचार्य संदीप गुप्ता ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। रैली में वाइस प्रिंसिपल खुश्बू, कोऑर्डिनेटर अजीत पांडे, ऋतुल पांडे, दिव्या सिंह सहित शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर सदर विधायक अदिति सिंह ने दी श्रद्धांजलि

रायबरेली। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने राष्ट्र के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए 14 अगस्त 1947 की

त्रासदी को याद किया। सदर विधायक ने कहा कि 14 अगस्त केवल एक तारीख नहीं है। यह 1947 की उस भयानक त्रासदी का स्मरण है जिसमें देश के बंटवारे के समय लाखों निर्दोष परिवारों ने अपनों को खोया, बेघर हुए और असीम पीड़ा झेली। अपने संदेश में अदिति सिंह ने कहा, ₹विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सभी असंख्य विस्थापितों, हुतात्माओं और अनाम पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि। इस क्रूर और वीभत्स यातना के साक्षी रहे सभी नागरिकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं। उन्होंने इस दिन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमें समाज को बांटने वाली ताकतों के खिलाफ हमेशा एकजुट रहना होगा। नफरत और वैमनस्य की जगह सौहार्द और भाईचारे को रखना ही देश के शहीदों के प्रति सच्चा सम्मान है। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा, ₹भारत की संप्रभुता, एकता और सौहार्द की रक्षा ही इन बलिदानियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। हमें अपने इतिहास से सीख लेकर आने वाली पीढ़ियों को यह बताना होगा कि विभाजन की पीड़ा दोबारा न दोहराई जाए।₹विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को भारत सरकार ने 2021 से हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इस दिन का उद्देश्य देश के बंटवारे के दौरान विस्थापन, हिंसा और पीड़ा झेलने वाले लोगों के संघर्ष और बलिदान को याद करना है। रायबरेली में भी आज विभिन्न सामाजिक संगठनों और विद्यालयों में संगोष्ठियों और श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। विधायक अदिति सिंह ने लोगों से अपील की कि वे इस दिन को शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के संकल्प के साथ मनाएं।

देशभक्ति के उल्लास के साथ निकाली गयी तिरंगा यात्रा

अयोध्या। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा एवं मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य एवं अनुशासित शितरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन से प्रारंभ होकर यह यात्रा परिसर के विभिन्न संकायों एवं मार्गों से होती हुई प्रशासनिक भवन पर ही संपन्न हुई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करना और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करना रहा। यात्रा में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों और भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से राष्ट्रभक्ति का माहौल बना रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शिक्षकों ने यात्रा का नेतृत्व कर विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के संकल्प की ओर प्रेरित किया। प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को एक सूत्र में समाज के सभी वर्गों और युवाओं को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि यह यात्रा उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर जवानों को नमन करने का माध्यम है, जिन्होंने देश की रक्षा और आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। युवाओं में राष्ट्र प्रथम की भावना जागृत करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के भीतर अनुशासन, नागरिक कर्तव्य और देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अखंड भारत संकल्प दिवस पर विहिप-बजरंग दल ने लिया संकल्प

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से शुक्रवार को जयसिंहपुर प्रखंड के गोसाईंगंज बाजार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत सह अर्चक-पुरोहित प्रमुख रमेश जी ने अखंड भारत की अवधारणा, भारतीय संस्कृति और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के महत्व पर विचार रखे। उन्होंने कार्यकताओं से राष्ट्रहित और सामाजिक एकता के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री शरद जी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक पांडेय, प्रखंड मंत्री आलोक पांडेय, प्रखंड सह मंत्री बृजेश जी, प्रखंड सह संयोजक अमन जी, रवि प्रकाश मोदनवाल, विनय यादव, आशु जायसवाल, प्रखंड प्रचार प्रमुख विकास जी, आशीष जी और बलराम जी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भारत माता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति संकल्प लिया गया।

शिक्षकों के एक दिन के वेतन की कटौती पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने जताया विरोध

सुलतानपुर (वीओएल)। शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के एक दिवस के वेतन की कथित अनावश्यक कटौती को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सुलतानपुर इकाई ने विरोध दर्ज कराया। संघ के संरक्षक विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष संतोष सिंह प्रतापगढ़ी और जिला मंत्री राहुल तिवारी राष्ट्रवादी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। जिला मंत्री राहुल तिवारी ने विभागीय आदेशों और पत्रों का हवाला देते हुए कहा कि जिन शिक्षकों के अवकाश खाते में आकस्मिक अवकाश उपलब्ध है, उनके वेतन की कटौती न कर नियमानुसार उसका समायोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागीय निदेर्शों का उद्देश्य ही कर्मचारियों के वेतन से अनावश्यक कटौती रोकना है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने मामले का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। संघ प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा से भी मुलाकात की। पदाधिकारियों ने जनपद के सभी विकासखंडों में एक दिवस के वेतन कटौती से जुड़े मामलों की समीक्षा कराने तथा पात्र शिक्षकों की कटौती का नियमानुसार समायोजन कर भुगतान कराने की मांग की। साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया। जिला कोषाध्यक्ष वेद प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकों के सेवा संबंधी वैधानिक अधिकारों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बीएसए और लेखाधिकारी को अंगवस्त्र एवं बैज लगाकर शुभकामनाएं दीं। मौके पर अतरसेन यादव, सनत सिंह और सुशांत मिश्रा मौजूद रहे।

राना बेनी माधव बक्श की स्मृति में निर्मित सभागार व पुस्तकालय संचालन की कार्ययोजना की बैठक संपन्न

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राना बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति में निर्मित सभागार एवं पुस्तकालय के सुचारु संचालन हेतु गठित समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभागार एवं पुस्तकालय को जनोपयोगी एवं प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभागार एवं पुस्तकालय के संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता एवं जिम्मेदारियों के निर्धारण, संचालन के लिए वित्तीय प्रबंधन एवं संसाधनों की व्यवस्था, भवन एवं उपलब्ध सुविधाओं की अधिकतम उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना, नियमित रख-रखाव एवं व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की व उपजिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में एक उप समिति का गठन किए जाने के निर्देश दिए, उप समिति द्वारा सभी बिंदुओं पर गहनता से अध्ययन करते हुवे समिति की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि राना बेनी माधव बक्श सिंह की स्मृति से जुड़ा यह सभागार एवं पुस्तकालय जनपद की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ-साथ विद्यार्थियों, युवाओं, साहित्यप्रेमियों एवं आमजन के लिए उपयोगी मंच के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि संचालन की ऐसी प्रभावी व्यवस्था तैयार की जाए, जिससे भवन एवं पुस्तकालय का अधिकतम और निरंतर उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभागार एवं पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के साथ ही साफ-सफाई, रख-रखाव, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए। साथ ही संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन एवं वित्तीय प्रबंधन की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गये।

लखनऊ-बलिया राजमार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता साफ, बरौसा में हुआ भूमि पूजन

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। लखनऊ-आजमगढ़-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग के चैड़ीकरण की बहुप्रतीक्षित योजना को शासन से मंजूरी मिलने के बाद शुक्रवार को बरौसा चैराहे पर भूमि पूजन किया गया। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ह्यराज बाबूह्न ने लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता श्रवण कुमार और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूजन कर चैड़ीकरण कार्य का शुभारंभ कराया। अब जल्द ही सड़क को चैड़ा करने का काम शुरू होने की उम्मीद है। योजना के तहत बांसगांव से मोतिगरपुर तक करीब 12 किलोमीटर लंबी सड़क का चैड़ीकरण किया जाएगा। यह हिस्सा चैनज 156 से 168 किलोमीटर तक है। वर्तमान में सड़क की चैड़ाई करीब सात मीटर है, जिसे बढ़ाकर 10 मीटर किया जाएगा। इसके लिए करीब 28 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। सड़क के दोनों ओर करीब डेढ़-डेढ़ मीटर चैड़ाई बढ़ाई जाएगी। राजमार्ग के चैड़ीकरण से बरौसा चैराहा, दियरा चैराहा और मोतिगरपुर बाजार में लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही सुल्तानपुर से शाहगंज, आजमगढ़ और बलिया की ओर आने-जाने वाले यात्रियों का आवागमन भी सुगम होगा। क्षेत्रीय लोगों लंबे समय से सड़क चैड़ीकरण की मांग कर रहे थे। भूमि पूजन के मौके पर तहसीलदार मयंक मिश्रा, सीओ सुनील सिंह, प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र प्रताप मिश्रा आयुबपुर, व्यापारी नेता उदय प्रताप शुक्ला, भाजपा नेता राजेश शुक्ला, रत्नेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामजीत पाल, सीटू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

सलोन, रायबरेली। निमिषा कान्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य देश की आजादी और वीर जवानों की शहादत को नमन करना था। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कला और अभिनय के माध्यम से इन ऐतिहासिक और संवेदनशील विषयों को जीवंत कर दिया । इसके साथ तरह तरह की मनमोहक सांस्कृतिक झांकियों के साथ-साथ प्रस्तुति देशभक्ति का जोश भर दिया ।इसके जरिए भारतीय सेना के पराक्रम और कश्मीर के बदलते स्वरूप को दिखाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्या रीना मिश्रा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बच्चों को उत्साहवर्द्धन किया।

विभाजन की विभीषिका को याद कर निकला मौन जुलूस

अयोध्या। विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर गुरुवार को अयोध्या में वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान विस्थापन और पीड़ा झेलने वाले परिवारों की स्मृतियों को नमन किया गया। इस अवसर पर सर्किट हाउस से कलेक्ट्रेट गेट तक मौन जुलूस निकाला गया। जुलूस में विभाजन का दंश झेल चुके परिवारों के सदस्यों के साथ भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौन जुलूस में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे, जिन पर विभाजन की त्रासदी, विस्थापन और अपने परिजनों को खोने की पीड़ा को दशार्ने वाले संदेश लिखे थे। पूरे रास्ते लोग शांत भाव से आगे बढ़ते रहे। जुलूस के दौरान वर्ष 1947 की उस त्रासदी को याद किया गया, जब लाखों लोगों को अपना घर-बार छोड़कर विस्थापित होना पड़ा था। कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया और लंबे समय तक

विस्थापन का दर्द सहा।

कलेक्ट्रेट गेट से जुलूस वापस सर्किट हाउस पहुंचा। इसके उपरांत सर्किट हाउस सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विभाजन की त्रासदी के सामाजिक और मानवीय प्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभाजन पीड़ित परिवारों के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत ने कहा कि विभाजन की विभीषिका को याद करना केवल इतिहास को दोहराना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को उस त्रासदी से सीख लेने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि विभाजन के दौरान जिन परिवारों ने अपना घर, जमीन और अपनों को खोया, उनकी पीड़ा को देश कभी भुला नहीं सकता। इतिहास की सच्चाई को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है, ताकि ऐसी त्रासदी दोबारा न हो। विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चैधरी ने कहा कि विभाजन का दर्द केवल सीमाओं के बंटवारे तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका असर करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ा। उन्होंने कहा कि विस्थापन की पीड़ा झेलने वाले परिवारों के संघर्ष और उनके योगदान को याद करना समाज की जिम्मेदारी है। विभाजन विभीषिका दिवस हमें एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र की अखंडता के महत्व का संदेश देता है।संगोष्ठी के दौरान विभाजन पीड़ित परिवारों के सदस्यों ने अपने अनुभव भी साझा किए। उनके संस्मरणों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि विभाजन की त्रासदी से जुड़े अनुभव इतिहास के महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जिन्हें संरक्षित कर युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया।

संक्षेप

युवक की पीट-पीटकर हत्या

शाहजहांपुर। जिले में अवैध शराब बनाकर बेचने का विरोध करने पर ग्राम प्रधान और उसके साथियों ने एक युवक की कथित रूप से लाठियों से पीट-पीट कर हत्या कर दी है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने बताया कि तिलहर थाना अंतर्गत सहबेगपुर गांव में रहने वाले ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार की चाची घर में शराब बनाकर बेचती है, इस बात का जब ग्रामीण सुरेंद्र पुत्र केदार को पता चला तो उसने इसका विरोध किया जिसके बाद से प्रधान सुरेंद्र कुमार उसे अपना दुश्मन मानने लगा। दीक्षित ने बताया कि बृहस्पतिवार रात ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार ने सुरेंद्र (30) को अपने घर बुलाया और और अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिसमें सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

इसके बाद परिजन उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लगी छायाचित्र प्रदर्शनी

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर विशेष छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के

- **विभाजन की त्रासदी में प्राण गंवाने वाले नागरिकों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि**

विभाजन की त्रासदी के दौरान अपने प्राण गंवाने वाले लाखों नागरिकों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, विधायक हाटा मोहन वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय तथा पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव एवं संग्रहालयाध्यक्ष डॉ. लोक रतन शुक्ला ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रदर्शनी में विभाजन के समय की परिस्थितियों, विस्थापन, जनसामान्य की पीड़ा तथा उस दौर की घटनाओं से संबंधित ऐतिहासिक छायाचित्र प्रदर्शित किए गए। उपस्थित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा राजकीय बौद्ध संग्रहालय में प्रदर्शित ऐतिहासिक चित्रों एवं कलाकृतियों का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कैडेट्स के साथ आत्मीयता से बातचीत की तथा उनके साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस देश के विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेली गई अमानवीय पीड़ा, विस्थापन, संघर्ष एवं अपनों को खोने के दर्द को स्मरण करने का अवसर है। यह दिवस हमें देश की एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारे को और अधिक मजबूत करने की प्रेरणा देता है। संग्रहालयाध्यक्ष डॉ. लोक रतन शुक्ला ने कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि इतिहास की इन त्रासद घटनाओं को स्मरण करना भावी पीढ़ियों को शांति, सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता का महत्व समझाने के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी कसया विवेक मिश्र, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, खंड विकास अधिकारी अंकिता पाल, सहायक पंचायत अधिकारी नीरज चतुर्वेदी सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी, संग्रहालय परिवार से तेज प्रताप शुक्ला, तरुण शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, दिनेश दुबे तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सभी जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ।

विकास भवन से शुरू हुई तिरंगा रैली, स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ समापन

देवरिया। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वावधान में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान 2026 के अंतर्गत पीआरडी स्वयंसेवकों एवं युवक मंगल दल के सदस्यों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विकास भवन परिसर से हुआ। रैली को मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में पीआरडी स्वयंसेवक एवं मंगल दल के सदस्य देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़े। तिरंगा रैली विकास भवन से निकलकर शिव मंदिर, बस स्टैंड होते हुए रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निखिल आनंद, संतोष यादव, अर्जुन सिंह, आशीष सिंह, कुलदीप सिंह, युवक मंगल दल के अध्यक्ष विकास यादव तथा पीआरडी स्वयंसेवक ओम प्रकाश और रत्नेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

निर्माण श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी शिक्षा प्रोत्साहन राशि

देवरिया। सहायक श्रम आयुक्त स्कन्द कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के दो बच्चों को संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना के अंतर्गत एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कक्षा एक से पांच तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को 2,हजार रुपये, कक्षा छह से 10 तक 2,500 रुपये तथा कक्षा 11 से 12 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को 3,हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

एडीएम ने किया आईजीआरएस प्रकरण का स्थलीय सत्यापन

देवरिया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह ने तहसील रुद्रपुर के ग्राम तारासारा निवासी रामदरश पुत्र रामरेखा के आईजीआरएस प्रकरण की स्थलीय जांच की। आवेदक द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67-ए के तहत विनियमितीकरण का अनुरोध किया गया था। मौके पर अपर जिलाधिकारी ने जांच के उपरांत उपजिलाधिकारी रुद्रपुर को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67-ए के तहत वाद दर्ज कर प्रकरण का तत्काल निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। कार्रवाई से फरियादी सहमत व संतुष्ट रहा, और अब उसे इस संबंध में कोई शिकायत नहीं है। अपर जिलाधिकारी ने ग्राम नगवा खास में रोवर पद्धति से भूमि की पैमाइश भी कराई। उन्होंने कहा कि रोवर पद्धति से भूमि की पैमाइश करना काफी सुविधाजनक है। इसके माध्यम से मौके पर ही त्वरित रूप से पैमाइश कराकर संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

डीएम ने किया राजस्व प्रकरणों का स्थलीय सत्यापन

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज तहसील सलेमपुर क्षेत्र में राजस्व से संबंधित विभिन्न प्रकरणों का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने दो स्टांप मूल्यांकन प्रकरणों का मौके पर निरीक्षण करने के साथ ही धारा-24 एवं अंश निर्धारण के प्रकरणों का भी ग्रामीणों से वार्ता कर सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने अंश निर्धारण से संबंधित दो खतौनियां किसानों को प्रदान किए।

- **रोवर से कराई चकमार्ग की पैमाइश, किसानों को सौंपी खतौनियां**
- **स्टांप मूल्यांकन के प्रकरणों का भी लिया जायजा**

जिलाधिकारी ने ग्राम पुरैना में धारा-24 के अंतर्गत चकमार्ग की पैमाइश रोवर पद्धति से कराई। उन्होंने स्वयं रोवर पकड़कर पैमाइश की प्रक्रिया का जायजा लिया। पैमाइश के बाद चकमार्ग से संबंधित प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण कराया गया।

इसी ग्राम में अंश निर्धारण के प्रकरण का भी जिलाधिकारी ने सत्यापन किया। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर अंश निर्धारण की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अंश निर्धारण को सही बताया। इसके बाद अंश निर्धारण से संबंधित दो खतौनियां जिलाधिकारी ने किसानों को प्रदान किया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पुरैना में करीब एक करोड़ चार लाख रुपये मूल्य की मालियत संपत्ति से संबंधित स्टांप मूल्यांकन प्रकरण का भी स्थलीय सत्यापन किया गया। उक्त संपत्ति अभिषेक कुमार पुत्र नवनाथ द्वारा प्रियंका सिंह पत्नी दीपक सिंह को विक्रय की गई थी। स्थलीय सत्यापन में संपत्ति का मूल्यांकन निर्धारित मूल्य के अनुरूप पाया गया।

इसी प्रकार ग्राम करौता में करीब एक करोड़ 59 लाख रुपये मूल्य की मालियत संपत्ति से संबंधित स्टांप मूल्यांकन प्रकरण का भी स्थलीय सत्यापन किया गया। उक्त संपत्ति अरुण कुमार द्वारा उमेश सिंह को विक्रय की गई थी। जिलाधिकारी ने मौके पर संपत्ति का स्थलीय निरीक्षण कर मूल्यांकन का जायजा लिया। सत्यापन में संपत्ति का मूल्यांकन निर्धारित मूल्य के अनुरूप पाया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि क्रय-विक्रय में संपत्तियों का मूल्यांकन निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। स्टांप मूल्यांकन के अनुसार ही संपत्ति का मूल्य निर्धारित कर क्रय-विक्रय में उसका उल्लेख सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी, उप निबंधक प्रतिमा सिंह सहित राजस्व विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण सशक्तीकरण की नयी क्रांति, वीबी-जी राम जी से रूबरू हुए प्रधान और प्रमुख

जिला संवाददाता

देवरिया। विकास भवन देवरिया के गाँधी सभागार में पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें विकसित भारत-गारण्टी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण द्वारा सशक्तिकरण की नयी क्रांति से ग्राम के विकास की नयी परिभाषा लिखी जायेगी। पंच सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष, पंडित गिरीश चन्द्र त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

- **प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को प्रति वर्ष 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारण्टी दी गयी ह**
- **नयी क्रांति से ग्राम के विकास की नयी परिभाषा लिखी जायेगी**

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक (जि०ग्रा०वि०अ०), प्रमुखगण, जिला पंचायत सदस्यगण, समस्त ग्राम प्रधानगण, खण्ड विकास अधिकारी, अतिरिक्त कार्यकम अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर आपरेटर, लेखा सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपायुक्त श्रम रोजगार आलोक कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। पंच 'सम्मेलन में भारत सरकार ने ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिये विकसित भारत-गारण्टी फार रोजगार एंव आजिविका मिशन ग्रामीण की शुरूआत की ह भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया एक नया ग्रामीण विकास ढांचा है।

जिसका उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नही बल्कि ऐसे टिकाऊ और उत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण करना है जो गांवो की अर्थ व्यवस्था, आजीविका और जीवन स्तर को बेहतर बनाये।

विकसित भारत- जी राम जी का मुख्य उदेश्य ग्रामीण विकास के फ्रेमवर्क को विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ जोड़ना है। इसके तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को प्रति वर्ष 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारण्टी दी गयी है जिसपर विस्तार से चर्चा की गयी।

उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा वीबी-जी राम जी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया जिसमें योजना के तहत 318 टिकाऊ एवं उत्पादक कार्यों को चार प्रमुख श्रेणियों में बाटा गया है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, एंव जिला पंचायत के समेकित कार्ययोजना का निर्धारण करते हुये कार्य को कराने हेतु जानकारी दी गई, जिसमें जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता पर रखकर कराये जाने पर बल दिया गया।

अनियमित आपूर्ति से परेशान विद्युत उपभोक्ताओं ने किया अण्डरपास बंद

भटनी (देवरिया)। स्थानीय विद्युत केन्द्र के बलुआअफगान के विद्युत उपभोक्ताओं ने लोबोल्टेज से परेशान होकर विद्युत उपकेन्द भटनी आकर काफी बवाल काटा। समाधान न होने से भरथुवा-भटनी सडक मार्ग पर साहोपार हरिजन वस्ती के पास बने बाईपास रेल लाईन के अण्डरपास का फाटक बन्द कर आवागमन बाधित कर दिया। बताया गया है कि बलुआअफगान फीडर से जुडे विद्युत उपभोक्ता काफी दिनो से आकर अपनी शिकायत विद्युत उपकेन्द पर कर रहे थे।

लेकिन कोई समाधान नही हो पा रहा था। जिससे परेशान होकर बृहस्पतिवार को वाईपार वाराणसी रेल लाईन पर बने अण्डरपास के तीनो फाटक बन्द कर नारेबाजी करने लगे। लेकिन सडक मार्ग से यात्रा करने वालो के सामने अधिक समय तक टिक नही पाये। विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि बलुआअफगान फीडर से 62गाँव के उपभोक्ता जुडे हुए है अधिक लोड होने के कारण फीडर टीप कर रहा है दो दिन से लगातार कोशिश के बाद भी चालू नही हो पाया। कई गांवों के उपभोक्ता आये थे समझा कर वापस भेज दिया गया। बाद में पुलिस ने पहुंचकर अंडरपास का फाटक खुलवाया।

कृषि ऋण आउटरीच कैंप का आयोजन 17 को

कुशीनगर। किसान क्रेडिट कार्ड से लेकर पशुपालन तक, किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों को विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 अगस्त 2026 को कृषि ऋण आउटरीच कैंप का आयोजन किया जाएगा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जिला पंचायत सभागार मे आयोजित किया जायेगा।

अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि कैंप के दौरान कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों से जुड़ी विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए ऋण की स्वीकृति एवं वितरण किया जाएगा। उन्होंने जिले के किसानों, कृषि उद्यमियों एवं ग्रामीण व्यवसाय से जुड़े लोगों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की निकटतम शाखा से संपर्क कर अपनी आवश्यकता के अनुरूप कृषि ऋण के लिए आवेदन करें। कैंप के माध्यम से कृषि एवं उससे जुड़े व्यवसायों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तथा किसानों को ऋण योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

अब 125 दिन रोजगार की गारंटी, 300 रुपये रोज मजदूरी से होगा ग्रामीणों को लाभ

लखीमपुर खीरी। ग्रामीण परिवारों को रोजगार, आजीविका और बेहतर ग्रामीण अधोसंरचना से जोड़ने की दिशा में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम, 2025 महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आया है। अधिनियम के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के कानूनी गारंटी वाले मजदूरी रोजगार का प्रावधान किया गया है। इसके साथ समयबद्ध मजदूरी भुगतान, बेरोजगारी भत्ता, तकनीक आधारित निगरानी और ग्राम पंचायतों की अधिक प्रभावी भूमिका सुनिश्चित की गई है। इसी विषय पर गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में पंच सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को वीबी-जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों, पंचायतों की भूमिका और गांव की जरूरत के अनुरूप विकास कार्यों की योजना तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार एवं ब्लॉक प्रमुख बीना राज ने पीडी सतीश कुमार पाण्डेय तथा डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन उपायुक्त श्रम रोजगार अमित कुमार परिहार ने किया।

- **पंच सम्मेलन में डीएम ने दिए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश; सीडीओ ने आजीविका संवर्धन पर दिया जोर**

पंचायतें बनेंगी ग्रामीण विकास की धुरी : डीएम

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि वीबी-जी राम जी अधिनियम केवल रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा और गांवों के समग्र विकास को गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि अधिनियम की जानकारी प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र लोगों को नियमानुसार रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि 125 दिन की रोजगार गारंटी का वास्तविक लाभ तभी दिखाई देगा, जब कार्यों का चयन गांव की वास्तविक जरूरतों और स्थानीय संसाधनों को ध्यान में रखकर किया जाए। जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत ढांचे, आजीविका से जुड़ी परिसंपत्तियों तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित उपयोगी कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। डीएम ने कहा कि रोजगार के साथ ?300 प्रतिदिन मजदूरी ग्रामीण परिवारों की आय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसलिए कार्य चयन, स्वीकृति, मस्टर रोल, मजदूरी भुगतान और कार्य की गुणवत्ता हर स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। अधिनियम में डिजिटल मॉनिटरिंग, सार्वजनिक प्रकटीकरण और सोशल ऑडिट जैसे प्रावधानों से जवाबदेही को और मजबूत किया गया है।

रोजगार से आगे, स्थायी आजीविका पर फोकस : सीडीओ

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि वीबी-जी राम जी का उद्देश्य केवल मजदूरी रोजगार देना नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियां विकसित करना है।

ग्राम पंचायतें स्थानीय जरूरतों के आधार पर जल संरक्षण, कृषि, आधारभूत संरचना, आजीविका और आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि पीएम गति शक्ति और जियोस्पेशियल तकनीक से योजनाओं को जोड़कर गांवों का विकास अधिक समन्वित और परिणामपरक बनाया जाएगा।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकाली गयी रैली व लगायी गयी प्रदर्शनी

देवरिया। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया के एनसीसी एवं स्काउट के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। रैली गुरुद्वारा स्थित पार्क से प्रारंभ होकर विद्यालय परिसर तक पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभाजन की त्रासदी और उससे प्रभावित लोगों की पीड़ा को स्मरण किया जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया हरिश्चंद्र नाथ ने चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विभाजन से विस्थापित परिवारों के सदस्य सरदार जगजीत सिंह, सरदार विनीत सिंह, सरदार देवेंद्र सिंह और सरदार रविंद्र सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया छात्र-छात्राओं ने भी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभाजन की पीड़ा को समझा। कार्यक्रम का उद्देश्य विभाजन के दौरान पीड़ित लोगों की स्मृतियों को सम्मानपूर्वक याद करना तथा विद्यार्थियों में मानवता, एकता, शांति और भाईचारे की भावना को मजबूत करना रहा।

गांव-गांव हुई ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति और पीटीएम की बैठकें

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बाल कल्याण एवं बच्चों की शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की है। उन्होंने पूरे जनपद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में एक साथ कल, बृहस्पतिवार को ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित कराई। इन बैठकों में बाल कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाए जाने तथा आमजन को जागरूक करने के संबंध में उपस्थित अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों द्वारा प्रभावी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही बालक-बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसी कुरीतियों की रोकथाम में सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई।

- **बाल सुरक्षा, शिक्षा और बाल श्रम रोकने को लेकर अभिभावकों को किया जागरूक**

इसी क्रम में परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं बच्चों की उपस्थिति में और सुधार लाने के उद्देश्य से शिक्षक-अभिभावक बैठक भी आयोजित की गई।

बैठकों में बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं उनके सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। अभिभावकों एवं ग्रामीणों को बताया गया कि यदि कोई बच्चा विद्यालय नहीं जा रहा है, किसी प्रकार की परेशानी, मारपीट या दुर्व्यवहार का शिकार है, लापता है अथवा किसी अन्य प्रकार के शोषण का सामना कर रहा है तो मामले को नजरअंदाज न करें और तत्काल संबंधित विभाग अथवा प्रशासन को इसकी सूचना दें। बाल विवाह रोकने में परिवार एवं समाज की भूमिका पर भी विशेष जोर दिया गया। आकांक्षी विकासखंडों में नियुक्त नोडल अधिकारियों ने भी अभिभावकों एवं ग्रामीणों को बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की बात सुनना, उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना बाल संरक्षण की पहली आवश्यकता है।

बैठकों में शिक्षा, प्रोबेशन, श्रम, आईसीडीएस, स्वास्थ्य एवं ग्राम प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर गांव स्तर पर बच्चों से जुड़े मामलों के प्रभावी समाधान पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक को केवल शैक्षणिक प्रगति तक सीमित न रखते हुए बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बाल विवाह, बाल श्रम और उनके भविष्य से जुड़े विषयों पर भी नियमित चर्चा की जाए।

बैठकों में ग्रामीणों एवं अभिभावकों से अपील की गई कि सामूहिक प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जाए कि हर बच्चा विद्यालय में हो, सुरक्षित हो और बाल श्रम एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों से मुक्त रहे। इसी उद्देश्य के साथ देवरिया को बाल-अनुकूल एवं बाल श्रम मुक्त जनपद बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मनरेगा कार्यों के सोशल ऑडिट का कैलेण्डर जारी

कुशीनगर। जिला विकास अधिकारी पीयूष कुमार ने जिलाधिकारी द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण में माह मई एवं जून में विकास खण्ड फाजिलनगर, कप्तानगंज, मोतीचक, नेबुआ नौरंगिया, सेवरही, तमकुही एवं विशुनपुरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अन्तर्गत कराये गये कार्यों के सोशल ऑडिट हेतु कैलेण्डर निर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विकास खण्डों के साथ-साथ अवशेष विकास खण्डों में सोशल ऑडिट कराये जाने हेतु दिनांक 12 अगस्त, 2026 से 31 दिसम्बर, 2026 तक का कैलेण्डर भी निर्गत किया गया है। निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में उक्त सोशल ऑडिट कैलेण्डर को आमजनमानस की जानकारी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु क्यू०आर० कोड के माध्यम से निःशुल्क प्रकाशित कराया जाना है। इसके लिए निर्गत कैलेण्डर का क्यूआर कोड तैयार कर प्रेषित किया जा रहा है।

एचपीवी टीकाकरण से बेटियों को मिलेगी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा,

जिला संवाददाता

देवरिया, । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपदवासियों से बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने अभिभावकों से पात्र बालिकाओं का समय से टीकाकरण कराने तथा विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों से छात्राओं और उनके अभिभावकों को इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारियों में शामिल है। समय पर एचपीवी का टीका लगवाकर इससे बचाव किया जा सकता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर से लगभग 90 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है।

उन्होंने बताया कि 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की पात्र बालिकाओं को एचपीवी का टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। निजी अस्पतालों में इसकी कीमत लगभग चार हजार रुपये है, जबकि शासन द्वारा पात्र बालिकाओं को यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक 19,440 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन तथा प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित नियमित टीकाकरण सत्रों में एएनएम द्वारा टीका लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बेटियों का स्वस्थ रहना परिवार और समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। समय पर टीकाकरण कराकर हम अपनी बेटियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की सौगात दे सकते हैं।

नगर निकली भव्य तिरंगा यात्रा, युवाओं ने दिया राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व का संदेश

मोहम्मदी खीरी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मोहम्मदी नगर देशभक्ति के रंग में रंग गया, जब युवा नेता आयुष भदौरिया के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं और नागरिकों ने भाग लिया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम्-और अन्य देशभक्ति नारों की गूंज सुनाई देती रही। तिरंगा यात्रा में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हाथों में तिरंगा लिए युवा राष्ट्रप्रेम का संदेश देते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। कार्यक्रम के आयोजन में आयुष भदौरिया की कोर टीम के सदस्य सौरभ, मनोज, सूरज तिवारी, दीपू भैया और पीयूष गुप्ता सहित अनेक युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान युवा नेता आयुष भदौरिया ने कहा कि ₹युवा केवल भीड़ नहीं, बल्कि नेतृत्व की पहचान हैं। देश और समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। राष्ट्रहित के कार्यों में युवाओं को आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।₹ तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह रहे। विधायक ने यात्रा का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की तथा युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और विकास में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है तथा तिरंगा यात्रा जैसे आयोजन राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। तिरंगा यात्रा ने मोहम्मदी नगर में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और युवा नेतृत्व का एक सशक्त संदेश दिया, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

संक्षेप

पंच सम्मेलन आयोजित

चरगावां, गोरखपुर। विकास खण्ड चरगावां के ब्लॉक सभागार में ह्यविकसित भारत जी राम जी प्रचार-प्रसार एवं पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब गांवों का सर्वांगीण विकास होगा। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गांवों के विकास, गरीब कल्याण, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान और पंचायत प्रतिनिधि गांव के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। गांव-गांव तक विकास की योजनाओं को पहुंचाकर सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधानों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अवनी कुमार, विकास खण्ड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा क्षेत्र की विभिन्न ग्रामसभाओं के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

मिशन 2027 को लेकर विशाल चौपाल का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा चौरी-चौरा के ग्राम सभा अयोध्याचक में मिशन 2027 को लेकर एक विशाल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी अजय कुमार सिंह टप्पू की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित राजकुमार व्यास जी ने किया चौपाल को संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह टप्पू ने कहा कि क्षेत्र में स्थानीय समस्याओं, रोजगार, औद्योगिक विकास और आधारभूत सुविधाओं को लेकर निरंतर चर्चा और जनभागीदारी आवश्यक है उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रतिनिधित्व होने से क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने में मदद मिल सकती है उन्होंने कहा कि चौरी-चौरा के विकास के लिए जनता, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय संगठनों को मिलकर काम करना होगा उक्त अवसर पर धर्मेंद्र चौधरी, प्रधान मेघना चौधरी, रमेश चौधरी, परशुराम चौधरी, इंद्रजीत चौधरी, भोला चौधरी, रामाकांत पासवान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

इटावा। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कर्म क्षेत्र महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं में प्रतिभा, ऊर्जा और नई सोच का अद्भुत समन्वय होता है। राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉक्टर सुजीत कुमार एवं पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक प्रोफेसर साजिया अख्तर डॉ. सनोज कुमार एवं डॉक्टर जीएस गुप्ता रहे। निबंध प्रतियोगिता के प्रभारी डॉक्टर जीएस गुप्ता एवं सह प्रभारी डॉक्टर अजीतकांत दीक्षित तथा पोस्टर प्रतियोगिता के प्रभारी डॉक्टर शिमला तिवारी व सह प्रभारी डॉक्टर नमिता पांडे रहीं। प्रथम स्थान अमीषा पटेल, द्वितीय स्थान जेबा, तृतीय स्थान दिव्यांशी वर्मा, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी पाल, द्वितीय स्थान शिवानी, तृतीय स्थान गायत्री एवं भावना चौहान ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. पदमा त्रिपाठी रहीं।

सत्ता लोलुपता ने कराया देश का विभाजन

गोरखपुर। 14 अगस्त 1947 के दिन ही सत्ता की लोलुपता की खातिर देश को दो हिस्सों में बांट दिया गया, जिसकारण निर्दोषों को अत्याचार सहना पड़ा। लाखों लोगों को अपना घर, जमीन, परिवार छोड़ना पड़ा था। उस विभाजन की बरसी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का आयोजन कर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया। और मौन जुलूस निकाल बंटवारे के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले निर्दोषों को नमन किया गया। भाजपा के रानीडीहा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर 14 अगस्त यानि शुक्रवार को जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी की अध्यक्षता में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी आयोजित हुई। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री श्रीमती शकुन्तला चौहान उपस्थित रही। इस दौरान उन्होंने पहले जिला कार्यालय पर लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया, तथा उपस्थित नेताओं के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। फिर जिला संगोष्ठी को संबोधित करने के उपरान्त रानीडीहा पार्टी कार्यालय से रानीडीहा तिराहे तक मौन जुलूस का नेतृत्व किया। श्रीमती शकुन्तला चौहान के कहा कि राजनीतिक अपरिपक्वता व सत्ता लोलुपता के कारण देश को बंटवारे का दंश झेलना पड़ा। उन्होंने कहा भारत पाकिस्तान बटवारे के दौरान के उस भयावह दृश्य का चित्रण देखते ही सोचते ही मन में अथाह पीड़ा होती है मन विचलित हो जाता है। उस दौरान लाखों लोगों को अपना घर, जमीन, परिवार सब कुश छोड़ना पड़ा था। कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सत्ता लालच ने देश का विध्वंशकारी बटवारा कराया जिसे देश को सदैव याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी और लालकिला की प्राचीर से प्रधानमंत्री जी ने 2016 में विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इस दिन हम सभी को उन निर्दोष हुतात्माओं को नमन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाजन की विध्वंशकारी घटना को प्रत्येक नागरिकों को जानना चाहिए। जिसे आजाद भारत मे छिपाया व दबाया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मन्त्री मनोज सिंह सैंथवार ने किया। संगोष्ठी के उपरान्त मौन जुलूस निकालकर विभाजन में निर्दोष प्राण गँवाने वाले आत्माओं को नमन किया गया।

इस अवसर पर खजनी विधायक श्रीराम चौहान, चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, बासगाँव विधायक डॉ विमलेश पासवान, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह व वंश बहादुर सिंह, उ.प्र.पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डाॅ.आर.डी.सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ल व कृष्णपाल सिंह, जिला महामन्त्री डॉ योगेश प्रताप सिंह, जिला मन्त्री बलवीर यादव, के एम मझवार सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी व अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष गण एवं प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संयुक्त निदेशक के नेतृत्व में आईटीआई चरगांवा के छात्रों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

चरगांवा, गोरखपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चारगांवा गोरखपुर परिसर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14, अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान "* के अंतर्गत संयुक्त निदेशक एन एन राम के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। छात्रों ने हाथों में तिरंगा यात्रा लिए वंदे मातरम भरत माता की जय जैसे राष्ट्र भक्ति के गगनचुंबी जय घोष कर राष्ट्र सर्वोपरि हैं का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई टी आई) चरगांवा के प्रधानाचार्य संतोष कुमार श्रीवास्तव, सुरक्षा प्रभारी संदीप वर्मा, कार्यदेशक शिवानंद व समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया।

जब तक रास्ता नहीं सत्याग्रह सतत जारी

इटावा। रास्ता दो या मौत बैनर तले सत्याग्रह दूसरे दिन आज 14 अगस्त को भी सुबह 10 से 5 बजे तक जारी रहा। भूख हड़ताल पर बैठने वाले आज पांच लोग क्रमशः राधा कृष्ण, योगेश, विमल, हरिशंकर, देशराज रहे। सत्याग्रह संयोजक दीपक राज ने बताया कि सत्याग्रह स्थल पर 1 बजे जनपद प्रशासन से डीपीआरओ, बीडीओ, एडीओ एवं पंचायत सचिव पहुंचे उन्होंने मौका मुआयना किया और उसके बाद समाधान देने की भी कोशिश की लेकिन ग्रामवासी अधिकारियों द्वारा दिए गए समाधान से संतुष्ट नहीं हुए। वीडियो पंचायत ने यहां पर जिलाधिकारी के नाम से एक ज्ञापन लिखा जिसमें रेलवे ओवरब्रिज की मांग को उन्होंने यहां सभी धरने पर बैठे लोगों को पढ़कर सुनाया उनके ओवरब्रिज वाले प्रस्ताव को सभी प्रदर्शनकारियों ने करतलध्वनि से सहर्ष स्वीकार किया लेकिन अभी तक ग्राम वासियों को रास्ता कोई उपलब्ध नहीं करवाया गया।

भाजपा विधायक ने सपा समर्थक पर मुकदमा दर्ज कराया

इटावा। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी व एसएसपी से मुलाकात कर सदर विधायक के लोगों द्वारा लोहिया वाहिनी के जिलामहासचिव पंडित रेशु चौधरी पर फर्जी एससी एसटी मुकदमा दर्ज की निष्पक्ष जांच एवं खत्म कराए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। कोतवाली में दर्ज मुकदमा राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव में दर्ज कराया गया है। समाजवादी पार्टी का कहना है कि वीडियो में केवल सामान्य बातचीत और बहस दिखाई देती है, लेकिन राजनीतिक द्वेष के चलते मामले को तोड़-मरोड़ कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया। पार्टी ने एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जांच थाना स्तर से हटाकर किसी वरिष्ठ व निष्पक्ष अधिकारी से कराने की मांग की है। इसके साथ ही ज्ञापन में घटनास्थल के वीडियो की फोरेंसिक जांच कराने, जांच पूरी होने तक युवकों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने और फर्जी धाराओं को निरस्त करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में गोपाल यादव, सर्वेश शाक्य, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, सुनील यादव, वीरू भदौरिया, लाखन सिंह जाटव, उमेश राजपूत, मयंक विद्योलिया, बृजमोहन राजपूत, प्रदीप सोनी आदि मौजूद रहे।

खाद्य टीम ने दो दुकानों से बूंदी के लड्डू के नमूने लिए

जसवंतनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त रोशन जैकब के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविभान ने पुलिस टीम के साथ बलरई नहर पुल और विकास नगर मोहल्ले में करीब आधा दर्जन दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और साफ-सफाई की जांच की। अभियान के दौरान दो मिष्ठान विक्रेताओं की दुकानों से बूंदी के लड्डू के नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और मौके से चले गए। इससे कुछ देर के लिए बलरई क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। टीम ने दुकानदारों को खाद्य सामग्री ढककर रखने, साफ-सफाई बनाए रखने और दूषित या मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविभान ने बताया कि सावन माह में दूध, खोया, पनीर और अन्य दुग्ध उत्पादों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में मिलावट की आशंका को देखते हुए विभाग की ओर से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शिवपाल सिंह राजपुर पहुंचे, नवजात को दिया आशीर्वाद

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव राजपुर में सौरभ दुबे के पुत्र जन्म के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्वमंत्री शिवपाल सिंह यादव पहुंचे। उन्होंने सौरभ दुबे के परिवार से मुलाकात कर नवजात शिशु को स्नेह एवं आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। शिवपाल यादव के राजपुर पहुंचने पर परिवारजनों और समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अनुज मोटी यादव, आशुतोष टोनू यादव, पूर्व प्रधान देशराज सिंह, कपिल प्रजापति, शैलेंद्र आरव, अभिषेक प्रजापति, पूर्व प्रधान उदयवीर सिंह, बिल्ले राजपूत, अमन शिवपालवादी, पंचायत सहायक अंकित रॉकी समेत परिवार के लोगों ने उनका स्वागत किया और आत्मीय मुलाकात की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने भी शिवपाल यादव से मुलाकात की। पारिवारिक माहौल में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने नवजात को शुभकामनाएं दीं। शिवपाल यादव ने परिवार को सुख-समृद्धि की शुभकामनाएं देते हुए नवजात के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राममंदिर चंदा चोरी पर सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

इटावा। राममंदिर में चंदा चोरी के मुद्दे को लेकर गुरुवार दोपहर 1 बजे समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष किशन यादव के नेतृत्व में करीब एक दर्जन कार्यकर्ता नगर पालिका चौराहा पर प्रदर्शन करने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने मुद्दे को लेकर नारेबाजी शुरू की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी को हिरासत में लेकर थाना कोतवाली ले जाया गया। प्रदर्शन शुरू होते ही पुलिस ने मौके पर मौजूद सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और सभी को थाना कोतवाली ले जाया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बिना अनुमति प्रदर्शन नहीं करने की चेतावनी दी। इसके बाद पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया। किशन यादव ने राममंदिर में चंदा चोरी के मुद्दे को लेकर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मंदिर के नाम पर जुटाए गए चंदे को लेकर जनता के सामने सवाल खड़े हुए हैं और इस मामले में पारदर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी। अपने लोगों के नाम आने पर सरकार का बुलडोजर कहा चला गया। पुलिस ने हमारे साथ बदतमीजी की मेरा कुर्ता भी फाड़ दिया गया।

ट्रक की टक्कर से ऑटो पलटा, मां-बेटे समेत सात घायल

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुरसेना गांव के समीप शुक्रवार को ट्रक की कट लगने से एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में मां-बेटे समेत ऑटो सवार सात रिश्तेदार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि धरवार गांव निवासी संतोष कुमार की 50 वर्षीय पत्नी शशि देवी अपने 25 वर्षीय पुत्र कुलदीप के साथ ऑटो में सवार थीं। कुलदीप ऑटो चला रहा था। उनके साथ फिरोजाबाद जिले के जसराना थाना क्षेत्र के पाडम गांव निवासी बहन रेखा पत्नी होशियार सिंह 35, दूसरी बहन अस्मिता पत्नी कुलदीप 30, 16 वर्षीय भांजी नेन्सी पुत्री कुलदीप, 17 वर्षीय शालिनी तथा 22 वर्षीय नीलम पुत्री संतोष कुमार भी सवार थीं। सभी लोग क्षेत्र के धरवार गाँव से औरैया जिले के अनंत राम टोल प्लाजा के पास स्थित सोनासी गांव मायके में जा रहे थे। राजमार्ग पर कुरसेना गांव के समीप पहुंचते ही एक ट्रक की कट लगने से ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में शशि देवी के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आने के साथ फ्रैक्चर हो गया। वहीं रेखा के हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोट आई तथा कंधे में फ्रैक्चर हो गया। दोनों की हालत गंभीर होने पर सीएचसी प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया अन्य घायलों का सीएचसी में मरहम-पट्टी कर उपचार किया गया।

थाना प्रभारी की अगुवाई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

मौरावां (वीओएल)। आजादी के 80वां अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार को थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा थाना परिसर से शुरू होकर कस्बा मौरावां, हिलौली, लउवा, असरेन्दा, भवानीगंज, अकोहरी सहित पूरे थाना क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और लोगों को राष्ट्रप्रेम व राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। यात्रा का समापन वापस थाना परिसर में किया गया। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने क्षेत्रवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

हर घर में तिरंगा झंडा वितरित किया

सफीपुर, उन्नाव। चेयरमैन प्रतिनिधि ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पंचायत में घर घर झंडे वितरित किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पंचायत सफीपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने घर-घर तिरंगा झंडा वितरित किए। इस दौरान देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। नगर भ्रमण के दौरान उन्होंने रेडी-पटरी दुकानदारों, व्यापारियों सहित नगर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर लोगों से अपने-अपने घरों पर देश की आन बान और शान का प्रतीक तिरंगा झंडा फहराने की अपील की। हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने व तिरंगे की गरिमा और सम्मान बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

राज्य मंत्री ने विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का फीता काटकर किया उद्घाटन

उन्नाव। राज्य मंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार / प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति में निराला प्रेक्षा गृह परिसर में भारत विभाजन विभीषिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर मंत्री द्वारा सर्व प्रथम सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई भारत विभाजन के विभाजन से प्रभावित परिवारों की याद से संबंधित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि एक तरफ आजादी की खुशियां एक तरफ भारत विभाजन की त्रासदी जिसमे कितने परिवारों को अपने घर परिवार बेघर से दूर जाना पड़ा किस तरह भारत ने आजादी प्राप्त की। कहा हर वर्ष इस दिन को याद किया जाता है किन कारणों से विभाजन हुआ दुबारा वह स्थिति न आये सोचना पड़ेगा जिन वीर सेनानियों ने प्राणों कि आहुति दी उनको भी याद करते है। यह भी समझे कि किन कारणों गलत नीति सोच के कारण भारत का विभाजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह सदर विधायक पंकज गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष गंगा घाट कौमुदी पांडे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ उपजिलाधिकारी सदर राजेश विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुराग अवस्थी अरुण सिंह जी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

40 लीटर कच्ची शराब बरामद

उन्नाव। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त महोदय उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन, लखनऊ, उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार, लखनऊ के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में प्रतिभा सिंह, आबकारी निरीक्षक बीघापुर, द्वारा मय हमराह तहसील बीघापुर थाना बिहार अंतर्गत ग्राम नमा खेड़ा में दबिश देकर 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया।

एमसीए पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद गठित

बनवारपार, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्र परिषद के उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि मुख्य सेवक प्रदीप सिंह एवं शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। माल्यार्पण के उपरांत नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए विद्यालय की गरिमा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट परंपराओं को बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। छात्र परिषद में प्रेरणा पासवान को अध्यक्ष, साहिल कुमार को हेड ब्वॉय, शाक्षी यादव को हेड गर्ल, कृष्ण चंद एवं राजनंदिनी यादव को अनुशासन प्रभारी, अर्पिता यादव को सांस्कृतिक कप्तान, दिलशाद अंसारी को छात्र प्रतिनिधि, रिमशा आजमी को छात्रा प्रतिनिधि तथा निर्भय राय को खेल कप्तान बनाया गया। वरिष्ठ वर्ग में संजीव तिवारी को रेड हाउस, सूरज यादव को येलो हाउस, अभिषेक पाण्डेय को ब्लू हाउस एवं सिद्धार्थ प्रभाकर को ग्रीन हाउस की जिम्मेदारी दी गई। जूनियर वर्ग में ललिता यादव को रेड हाउस, सुनील कुमार को ब्लू हाउस, संदीप जायसवाल को येलो हाउस एवं बी.के. विश्वकर्मा को ग्रीन हाउस का दायित्व सौंपा गया। कनिष्ठ वर्ग में शिवांगी पाण्डेय को रेड हाउस, नैन्सी को येलो हाउस, अमलेश कुमार को ब्लू हाउस एवं अमितेश सिंह को ग्रीन हाउस की जिम्मेदारी मिली। वहीं नर्सरी वर्ग में कृति मिश्रा को रेड हाउस, सोनल दूबे को ग्रीन हाउस, शिम्पी को ब्लू हाउस एवं काजल आजाद को ग्रीन हाउस का दायित्व सौंपा गया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एस.के. मिश्र, राहुल यादव सहित शिक्षक-शिक्षकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों में उत्साह देखने को मिला।

राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता अखंडता का प्रतीक है : एसके शर्मा

चौरीचौरा, गोरखपुर। हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत विधानसभा चौरीचौरा क्षेत्र के दुबियारी पूल से शहीद स्मारक चौरीचौरा तक वरिष्ठ समाजसेवी एसके शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सुबह 10 बजे बड़े ही उल्लास पूर्वक तिरंगा यात्रा निकाला गया जिसका समापन शहीद स्थली चौरीचौरा स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन कर किया गया।

बताते चलें कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को लगभग 10 बजे दुबियारी पूल से वरिष्ठ समाजसेवी एसके शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, व वंदे मातरम की गूंज से पूरा क्षेत्र देश भक्ति से ओत-प्रोत देखा गया। निकाली गई तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के तमाम नवयुवक, नौजवान, बुजुर्ग उत्साह पूर्वक भाग लिए थे उस वक्त लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। सभी के अंदर देशप्रेम की भावना जागृत होते देखी गई। निकाली गई तिरंगा यात्रा जब शहीद स्मारक पहुंची, तो लोगों का उत्साह और दूना हो गया। वरिष्ठ समाजसेवी एसके शर्मा द्वारा शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। एसके शर्मा ने श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कहा कि भारत का यह तिरंगा झंडा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं है। बल्कि यह देश की एकता अखंडता तथा बलिदान की प्रेरणा का प्रतीक भी है। उन्होंने देशवासियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए देश व तिरंगे के गौरव को बढ़ाने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर राजमंगल पासवान धर्मेंद्र पासवान वीरेंद्र यादव नगीना प्रधान चंदन पासवान विनय गुप्ता मानू एडवोकेट अर्पित कसौधन धर्मवीर यादव शंभू पांडे धर्मेंद्र यादव सूरज जायसवाल अजय पासवान सभासद जितेंद्र यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

नशा मुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

उन्नाव। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत द्वारा नशा मुक्त युवा विकसित भारत का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डी.एस.एन. महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उनमें सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा उन्हें विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक ने युवाओं को संबोधित करते हुए नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से नशे से पूरी तरह दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और समय का उपयोग राष्ट्र निर्माण के सकारात्मक कार्यों में करने का आह्वान किया। मेरा युवा भारत, के जिला युवा अधिकारी संजीव सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने, सकारात्मक सोच अपनाने, अनुशासन का पालन करने तथा अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि

नशामुक्त एवं सशक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला हैं तथा मेरा युवा भारत युवाओं को जागरूक, जिम्मेदार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। डी.एस.एन. महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाकर एक स्वस्थ, संस्कारवान एवं व्यसनमुक्त समाज का निर्माण करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं की प्रतिभा एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें रील मेकिंग एवं लघु फिल्म प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, संगीत एवं रैप प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता तथा स्लैम पोएट्री प्रमुख रहे। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त समाज के महत्व का प्रभावशाली संदेश दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेरा युवा भारत, उन्नाव की ओर से प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों एवं आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए गठित निर्णायक मंडल में डॉ. विपिन सिंह, डॉ. रचना त्रिवेदी, रवि रंजन, डॉ. शुभा द्विवेदी, डॉ. अमित अवस्थी एवं डॉ. महजबी सहित निर्णायकगण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संक्षेप

तालाब में डूबने से बालक की मौत

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव में शुक्रवार सुबह तालाब में डूबने से नौ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। हादसे के दौरान कई बच्चे तालाब में गिर गए थे, जिन्हें ग्रामीणों ने तत्काल रेस्क्यू कर बाहर निकाला। दो-तीन बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन एक बच्चा गहरे पानी में चला गया। मृतक बच्चे की पहचान अंकुश के रूप में हुई है। बताया गया कि तालाब में गिरने के बाद अंकुश काफी गहराई में चला गया।

ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की और काफी प्रयास के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्राम पंचायत महुआ के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी राहुल सिंह ने बताया कि पचनेही गांव का तालाब काफी बड़ा और गहरा है। इसकी गहराई करीब 100 फीट बताई जाती है, जबकि इस समय तालाब में लगभग 30 से 40 फीट तक पानी भरा हुआ है। बताया गया कि कुछ बच्चे खेतों की ओर गए थे। तालाब के पास पहुंचने के दौरान अचानक पैर फिसलने से कई बच्चे पानी में गिर गए।

बच्चों को डूबता देखकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया और दो-तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अंकुश की उम्र करीब नौ वर्ष थी और वह पढ़ाई करता था। राहुल सिंह के अनुसार, अंकुश के पिता मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

चार नायब तहसीलदार पदोन्नत

बांदा। राजस्व परिषद की ओर से जारी सूची में प्रदेश के कई नायब तहसीलदारों को प्रोन्नति दी गई है। इस सूची में जनपद में तैनात चार नायब तहसीलदारों का भी नाम शामिल है। जारी आदेश के अनुसार जनपद में कार्यरत आशीष शुक्ला, मोहम्मद मुस्तकीम, यशपाल यादव और हेमंत सिंह पटेल को पदोन्नति मिली है। आदेश जारी होने के बाद इन अधिकारियों की नई जिम्मेदारियों का रास्ता साफ हो गया है।

बच्ची का शव गोबर के गड्ढे से बरामद

बांदा। कमासिन थाना क्षेत्र के अछरील गांव में शुक्रवार सुबह हड़कंप मच गया। यहां घर से खेलने निकली तीन वर्षीय बच्ची परी देवी का शव घर के समीप स्थित गोबर के गड्ढे में मिला। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के अनुसार, परी देवी 13 अगस्त को घर से खेलने के लिए निकली थी। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने कमासिन थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष ओझा और कस्बा चौकी प्रभारी मनीष कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ बच्ची की तलाश में जुट गए और रातभर आसपास के क्षेत्र में खोजबीन की। शुक्रवार सुबह बच्ची का शव घर के पास स्थित गोबर के गड्ढे में उतराया हुआ मिला। पुलिस ने तत्काल शव को बाहर निकलवाया। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा भेज दिया गया है। बच्ची की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

राज्य मंत्री कारागार का जनपद आगमन आज

बहराइच। राज्य मंत्री, कारागार श्री सुरेश राही का 15 अगस्त 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मंत्री श्री राही 15 अगस्त 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच पहुंचेगें। मा. मंत्री श्री राही पूर्वान्ह 10:30 बजे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्थान आडिटोरियम में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरान्त श्री राही अपनी सुविधानुसार जनपद सीतापुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक 17 को

बहराइच। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि 17 अगस्त 2026 को अपरान्ह 12:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की विशेष बैठक आहूत की गई है। श्री कुमार ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

विस्थापित परिवारों के सदस्य सम्मानित

उत्थान ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

जिला संवाददाता

बहराइच। भारत-पाक बंटवारे की भयावह त्रासदी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले नागरिकों के सम्मान तथा भयावह त्रासदी का दंश झेलने वाले परिवारों को ढ़ाढस बंधाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जो शहीद पार्क होते हुए कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में सम्पन्न हुई।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि मा. सभापति, याचिका समिति, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश श्री अशोक अग्रवाल ने सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, भाजपा महामंत्री रणविजय सिंह, संचित सिंह व अन्य अतिथियों के साथ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान विस्थापित परिवारों के सदस्यों सुशील कुमार भल्ला, हरवीर कौर, योगेश कुमार अरोड़ा, धर्मवीर सिंह, जसवीर सिंह व शशि मल्होत्रा को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाजन की विभीषिका पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी तथा डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। चित्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों द्वारा अवलोकन भी किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मा. सभापति श्री अग्रवाल, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन जहां विभाजन की त्रासदी से पीड़ित परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक माध्यम है।

ऐसे आयोजन से एकता अखण्डता व आपसी भाईचारा एवं सौहार्द की भावना बलवती होती है। विभाजन के दर्द को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। विभाजन की त्रासदी में प्राण गवाने वाले हजारों नागरिकों का नमन करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति भी अपनी सद्भावना व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ अनेकों कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ देश तेजी के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है।

इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन के उद्देशों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संचालन डिम्पल जैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वंदेमातरम तथा समापन राष्ट्रगान के गायन से किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीडीओ राज कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार व अन्य अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुखगण, गणमान्य व संभ्रान्तजन, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र, मीडिया प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

संत रविदास कलश यात्रा का भव्य स्वागत

फतेहपुर। संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर बनारस से प्रारम्भ हुई 'संत रविदास मात कलश यात्रा' हुसैनगंज विधानसभा 242 के मण्डल हुसैनगंज पहुँची। यहाँ सहनीपुर, गोवर्धनपुर एवं डामराका गाँवों में कलश की पूजा-अर्चना की गई तथा संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान सभी गाँवों में ढोल-नगाड़ों के साथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत हुआ।छहों विधानसभाओं में भ्रमण करेगी यात्राभाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह 'रिंकू लोहरी' ने बताया कि यह रथ कलश यात्रा फतेहपुर जनपद की सभी 6 विधानसभाओं में भ्रमण करेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य संत रविदास के विचारों व आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना है।मन चंगा तो कठौती में गंगा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रिंकू लोहरी ने कहा कि संत रविदास प्रत्येक कार्य एवं भगवान की भक्ति पूरे मन से करते थे। उन्होंने समाज में सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। गोवर्धनपुर गाँव में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को भी संत रविदास के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संत रविदास के सिद्धांतों व विचारों को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है, इसी उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस कलश यात्रा का आयोजन किया गया है।*कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रहे मौजूद*इस अवसर पर फतेहपुर जनपद के संयोजक एवं पूर्व प्रमुख राम सजीवन कोरी, मण्डल अध्यक्ष श्रीकांत अवस्थी, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र पाल, युवा भाजपा नेता विकास दुबे, महिला मोर्चा से निशा सिंह, मीना कुमारी तथा जिला पंचायत सदस्य राम किशोर, पूर्व प्रधान आशाराम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

विशाल बाइक तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

फतेहपुर। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या में शुक्रवार को हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी के नेतृत्व में विशाल बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो सातमील चौराहा स्थित अनुश्री गेस्ट हाउस से यात्रा का शुभारंभ हुआ। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में बाइक सवार युवा और राष्ट्रभक्त यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम्के जयघोष से वातावरण देशभक्ति से सराबोर रहा। तिरंगा यात्रा अनुश्री गेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर फतेहपुर शहर के लखनऊ बाईपास, पक्का तालाब, बाकरगंज, नगर पालिका, बिंदकी बस अड्डा, पत्थरकाटा, पटेल नगर, वर्मा चौराहा, पीरनपुर होते हुए ज्वालागंज पहुंची। इसके बाद यात्रा बांके बिहारी मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनु श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह उर्फ बड़कू सिंह, अजय तिवारी, भोले शंकर त्रिवेदी, स्वामी स्वर्ण पाल, सुरेंद्र कुमार, आशीष प्रधान नौगांव, अमित तिवारी लालीपुर, रितेश तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, आदित्य लोधी, उमाशंकर लोधी, संतोष सिंह, राजू, अवधेश प्रधान मथैयापुर, अजय साहू, वीरू यादव, प्रेम बाबू, प्रमोद कुमार, संजय लोधी सहित हजारों की संख्या में राष्ट्रभक्त मौजूद रहे।यात्रा के आयोजकों ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निकाली गई इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। विशाल बाइक तिरंगा यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश दिया।

स्वतंत्रता दिवस पर आज होंगे अनेक कार्यक्रम

जिला संवाददाता

बांदा। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिलाधिकारी के निदेशानुसार समस्त विभागों को कार्यक्रमों के सफल संचालन को दायित्व सौंपे गये हैं। सुबह 6 बजे प्रभात फेरी समस्त शिक्षण संस्थाओं के बच्चे शहीदों की स्मृति में बैनर लेकर महेश्वरी देवी मंदिर होते हुए विद्यालय वापस जायेंगे। संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी इसका दायित्व पूरा करेंगे। 6:30 बजे विशेष सफाई अभियान वार्ड 15 फकीरन मोहल्ला व वार्ड 17 आजाद नगर में नगर पालिका द्वारा होगी। 7 बजे माल्यार्पण सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित महापुरुषों-स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों पर माल्यार्पण। 8 बजे ध्वजारोहण कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा। 8:30 बजे मैराथन दौड़ जे०एन०कॉलेज मैदान से महाराणा प्रताप चैक होते हुए वापस। जिला कोषाधिकारी द्वारा आयोजन। 9बजे झण्डारोहण एवं सम्मान समारोह भूरागढ़ किला में राज्यमंत्री जलशक्ति रामकेश निषाद द्वारा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान। 9:30 बजे निःशुल्क चश्मा वितरण व मोतिया बिन्दु परीक्षणरू दिव्यांग छात्रों हेतु जिला अन्धता निवारण समिति व सीएमओ द्वारा। 10 बजे रक्तदान शिविर व फल वितरण जिला चिकित्सालय में। 11 बजे फल व मिष्ठान वितरण जिला कारागार एवं वृद्धा आश्रम नरैनी रोड। 11:15 बजे वृक्षारोपण समस्त कार्यालयों, विद्यालयों, पार्कों एवं सरकारी परिसरों में।

11:30 बजे पेंटिंग प्रतियोगिता आर्य कन्या इण्टर कॉलेज व छत्रसाल प्राथमिक पाठशाला में। 11:30 बजे- मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता खानकाह इण्टर कॉलेज, बांदा। 12 बजे विकास कार्यों की झांकियों का प्रदर्शन महाराणा प्रताप चैराहा से कलेक्ट्रेट तक। 2 बजे- भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज। 4 बजे कबड्डी प्रतियोगिता पं० जवाहर लाल नेहरू डिग्री कॉलेज। 5 बजे-भूरागढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

जिला संवाददाता

बहराइच। जनपद में 80वें स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों का श्रीगणेश प्रातः 06:00 बजे क्रांस कन्ट्री दौड़ तथा 06:30 बजे इण्टरमीडियट में अध्ययनरत एनसीसी कैडेट्स द्वारा निकाली जाने वाली प्रभात फेरी से होगा। प्रातः 08:00 बजे समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी इमारतों तथा शिक्षण संस्थाओं पर

> ● क्रासकंट्री दौड़ व एन.सी.सी. कैडेट्स की प्रभात फेरी से होगा कार्यक्रमों का आगाज

राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाय। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर वीरों का वन्दन करने के भाव के साथ स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों, सशस्त्र सेना, अर्द्ध सैनिक बल, सशस्त्र पुलिस बल के पुरस्कृत वीरों व शहीदों के आश्रितों व पूर्व सैनिकों को जिला, तहसील व ब्लाक मुख्यालयों पर

सम्मानित किया जायेगा। पूर्वान्ह 08:05 बजे सेनानी भवन परिसर में स्थापित त्रिमूर्तियों पर माल्यार्पण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुलिस बैण्ड द्वारा देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति की जायेगी। पूर्वान्ह 09:10 बजे शहीद पार्क/डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में स्थापित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जायेगा। पूर्वान्ह 11:00 बजे महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय स्थित रक्त बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम हेतु पंजीकरण, जन-जागरण एवं रक्तदान तथा मरीजों को फल वितरण जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु पंजीकरण तथा मरीजों को फल का वितरण किया जायेगा। इसी समय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम कक्ष में विचार गोष्ठी व कृषि विज्ञान सभागार में किसान सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा तथा सॉय 05:00 बजे नगर पालिका हॉल में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा समस्त एसडीएम/तहसीलदारों तथा बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि इसी प्रकार के आयोजन तहसील व ब्लाक मुख्यालयों पर भी किये जाए तथा सभी ग्राम प्रधानों को पंचायत भवनों पर ध्वाजारोहण तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के सम्बन्ध में अपने स्तर से निर्देशित कर दें।

तीर्थ में डूबे युवक की हुई शिनाख्त,

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तीर्थ सरोवर में डूबने से हुई युवक की मौत के मामले में शुक्रवार को मृतक की शिनाख्त हो गई। मोर्चरी पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान नीमगांव निवासी 28 वर्षीय विदेश के रूप में की। शिनाख्त के बाद परिजन शव को अपने साथ ले गए। उधर, मृतक के भाई के आरोप के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

भूरागढ़ किले में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जिला संवाददाता

बांदा। भाजपा के चलाये गये स्वच्छता अभियान के तहत ऐतिहासिक धरोहर भूरागढ़ किले में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उनके साथ लोगों ने साफ-सफाई की। भाजयुमो की क्षेत्रीय मंत्री शिखा मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। किला परिसर में स्थापित अमर जवान शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि स्वच्छ, सुन्दर ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित रखना जरूरी है।

इसमें सभी का सहयोग व सहभागिता होनी चाहिए। भाजयुमो की क्षेत्रीय मंत्री शिखा मिश्रा ने कहा कि बुंदेलखंड ऐतिहासिक धरोहरों का गढ़ है जिन्हें जीवंत बनाये रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री निखिल सक्सेना, जिला मंत्री दुर्गा चैरसिया, राजर्षि शुक्ला, प्रतिनिधि अंकित बासू, मंडल अध्यक्ष संतोष राजपूत, धीरेंद्र सिंह गौतम धीरू, रमन सिंह, अनूप सिंह, आयुषनाथ त्रिपाठी, प्रफुल्ल सिंह, आशीष अवस्थी, बिहारी साहू, राममिलन वर्मा, देवेंद्र अवस्थी, फूलचंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की राष्ट्रीय नेताओं ने संभाली कमान

फतेहपुर। आज संगठन सृजन अभियान के तहत जनपद पधारे राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने लाला बजार स्थित मोनिश मैरिज हॉल में कार्यकताओं से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया कि वह जनपद के जिले से लेकर ब्लॉक स्तर तक सभी पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन में वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। इसके पहले कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर पत्रकारों को जानकारी देते हुए पूर्व राष्ट्रीय सचिव बीरेंद्र राठौर ने बताया कि जिले में एक हफ्ते अपने जिले के सभी तेरह ब्लाकों का दौरा कर अध्यक्षो से बात की जाएगी, इसके अतिरिक्त वो जिले के समाज सेवियों, पत्रकारों व वरिष्ठ कांग्रेसियों से भी मुलाकात करेंगे जिसके उपरांत विस्तृत रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जाएगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि हर संगठन में विरोध होता है परन्तु वो संसदीय भाषा में होना चाहिए एवं सभी को अपने कार्यों का अवलोकन कर नेतृत्व के लिए आगे आना चाहिए जिससे पार्टी को मजबूती मिले।शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि जिले में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है हमे बंटने के बजाय एकजुट रहते हुए राहुल के नक्शे कदम पर चलना चाहिए जिससे पार्टी को मजबूती प्रदान हो उन्होंने यह भी कहा कि शहर या ग्रामीण कांग्रेस किसी में नियुक्ति चाहे जिसकी हो वह निष्ठा के साथ राहुल के सपनों को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवक कांग्रेस कनिष्क पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राय, फ्रंटल संगठनों के चेयर मैन अवनीश सलूजा के साथ जिले के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

लापरवाह अधिकारियों को एक माह का अल्टीमेटम

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज विकास परियोजनाओं तथा आकांक्षात्मक विकासखंड मड़ावरा में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं

> ● सीएलडीएफ के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर भी कड़ी नाराजगी, सुधार न होने पर एफआईआर दर्ज कराने को कहा
>
> ● स्वास्थ्य, उद्यान, सडक, संस्कृति विभाग की प्रगति खराब पाये जाने पर चेताया
>
> ● खराब प्रगति पर अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

विकास परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विकास कार्यों में धीमी प्रगति पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को एक माह का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगले माह तक प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि इस माह सीएमआईएस पोर्टल पर जनपद की कुल 240 विकास परियोजनाओं में से 157 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष परियोजनाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण होने की स्थिति में हैं। समीक्षा में 15 परियोजनाएं लाल श्रेणी में पाई गईं, जिनकी जिलाधिकारी ने गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से परियोजनावार प्रगति की जानकारी ली। जननी सुरक्षा योजना की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुये डी0ए0एम0 का इस माह का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला उद्यान अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जताते हुए उनका स्पष्टीकरण तलब किया गया तथा एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सीएलडीएफ के अधिकांश विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि इस माह कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं आता है तो संस्था के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में समयाभाव अथवा अन्य कारणों से प्रगति प्रभावित हो रही है और वह लाल श्रेणी में पहुंच रही हैं, उनके संबंध में शासन स्तर पर पत्राचार कर आवश्यकतानुसार समयावधि बढ़वाने की कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि अगले माह तक जिन परियोजनाओं की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, उनमें संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिले की बानपुर, जखौरा, बिजरौठा, बड़ौदाडांग और गंगचारी गौशालाओं तक पहुंच मार्ग नहीं होने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इनके लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में संस्कृति विभाग के कार्यों की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए।

बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की मौतों पर दी श्रद्धांजलि

107 दिनों में 82 दुर्घटनाओं में 44 कर्मचारियों की मौत और 38 के गंभीर रुप से घायल होने का संगठन ने किया दावा

ललितपुर। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ ललितपुर में भी आउटसोर्स बिजली कर्मचारियों की दुर्घटनाओं में हुई मौतों पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। ललितपुर में संगठन के पूर्व महामंत्री अब्दुल हक के नेतृत्व में हुई शोकसभा में संविदा कर्मचारियों ने मृतक कर्मचारियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया गया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अंतर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ पिछले 107 दिनों में 82 दुर्घटनाएं हुई हैं। इनमें 44 कर्मचारियों की मृत्यु तथा 38 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। संगठन ने इन घटनाओं को गंभीर बताते हुए प्रदेश सरकार और पावर

कॉरपोरेशन प्रबंधन से कर्मचारियों की सुरक्षा और लंबित मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा करीब 25 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी किए जाने के कारण कार्यरत कर्मचारियों पर काम का अतिरिक्त भार बढ़ गया है। उनका कहना है कि इससे जहां कर्मचारियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं बढ़ रही हैं, वहीं उपभोक्ताओं को भी बिजली संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लेबर के अनुबंध के माध्यम से लाइनमैन और उपकेंद्र परिचालन जैसे जोखिमपूर्ण एवं तकनीकी कार्य कराए जा रहे हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण कथित तौर पर अकुशल कर्मचारियों से भी नियमों के विपरीत लाइन संबंधी कार्य कराया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। संगठन ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के कार्य के अनुरूप अनुबंध, 18 हजार रुपये वेतन, घायल कर्मचारियों का कैशलेस उपचार, उपचार में खर्च हुई धनराशि की संविदाकारों के बिल से कटौती कर भुगतान तथा मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को दोबारा कार्य पर लिए जाने संबंधी आदेश जारी किए गए थे। संगठन का आरोप है कि इन आदेशों का प्रभावी ढंग से पालन नहीं किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा गठित नए आउटसोर्स सेवा निगम में बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को शामिल किए जाने का पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन विरोध कर रहा है। संगठन ने महिला कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने तथा श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित अवकाश का लाभ नहीं दिए जाने का भी आरोप लगाया। इसके अलावा मीटर रीडरों को अन्य आउटसोर्स कर्मचारियों की तरह वेतन, ईपीएफ और ईएसआई का लाभ देने की मांग की गई। संगठन पदाधिकारियों ने आउटसोर्स कर्मचारियों का कार्य के अनुरूप अनुबंध करने, वेतन 18 हजार रुपये निर्धारित करने अथवा समान कार्य के लिए समान वेतन देने, मानक के अनुरूप कर्मचारियों की तैनाती करने और दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। इसके साथ ही आउटसोर्स सेवा निगम में कर्मचारियों को शामिल किए जाने का विरोध नहीं करने, हटाए गए कर्मचारियों को वापस कार्य पर लेने, घायल कर्मचारियों का कैशलेस उपचार कराने, महिला कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, कर्मचारियों को 60 वर्ष की आयु तक कार्य करने की अनुमति, श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित अवकाश देने तथा मीटर रीडरों को वेतन, ईपीएफ और ईएसआई का लाभ देने की मांग उठाई गई। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने समय रहते कर्मचारियों की समस्याओं

विकसित राष्ट्र का संकल्प

स्वतंत्र भारत की यात्रा 79 वर्ष पूरी हो गयी। राष्ट्रीय उमंग के इस मौके पर भारत अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। स्वाधीनता करीब-करीब एक सदी के संघर्ष और लाखों सपूतों के बलिदान के बाद त्रासद रूप में मिली थी। अब से ठीक 21 वर्ष बाद आजादी की 100वीं वर्षगांठ 15 अगस्त 2047 तक प्रधानमंत्री विकसित भारत का सपना देखते हैं और देशवासियों से साझा करते हैं, तो यह समझना चाहिए कि यह मुकाम हासिल करने के लिए देश ने लंबी, ऐतिहासिक, जद्दोजहदपूर्ण और सफलताओं से भरी यात्रा की है। 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली थी। इसे यूं कह सकते हैं कि अंग्रेज भारत को लूट-खसोटकर, 500 से अधिक रियासतों में देश को अलग-थलग कर, दंगा, अकाल और भुखमरी फैलाकर, देश को अनेक टुकड़ों में बांटकर चले गये थे। एक तरह से भारत को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होना था। वैसे अंग्रेज इस भरोसे गये थे कि भारत संभल नहीं पायेगा। दंगा और अकाल के बीच अस्तित्व खो देगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में इस देश ने ऐतिहासिक कुर्बानियां देकर आजादी हासिल की थी। लोग अपने हिसाब से भले यह परिभाषित करें कि हमें आजादी अहिंसा के रास्ते, बिना खड़ग, बिना ढाल के मिली, लेकिन ये सच नहीं है। आजादी का सच बहुत भयावह है। 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई लड़ी गयी थी जिसे अंग्रेजों ने कुचल दिया था। हजारों लोगों ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहादत दी। उसके ठीक नब्बे साल बाद अर्थात 1947 में भारत ने आजादी की पहली सुबह देखी, तो इस तरह पहली लड़ाई से लेकर 15 अगस्त 1947 तक, कुल नब्बे साल तो सीधे-सीधे अंग्रेजों के साथ संघर्ष ही चला। लेकिन उससे पहले भी देश के विभिन्न भागों में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह हो रहे थे। अगर उनको भी जोड़ लें तो वास्तव में आजादी का संघर्ष दो शताब्दी से भी अधिक चला और

इसमें लाखों-लाख लोग शहीद हुए। आजादी से ठीक एक साल पहले 16 अगस्त 1946 को जिन्ना ने देश को बांटने के लिए डायरेक्ट एक्शन डे मनाया और एक-दो दिन में ही देश में इतनी हिंसा हुई, जिसमें 10,000 से अधिक लोग मारे गये। यह तो आंकड़ा है। वास्तविक संख्या इससे बहुत अधिक है, क्योंकि जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता की सड़कें लाशों से पट गयी थीं। ऐसे जिन्ना को देश के टुकड़े कर भेंट देने के बजाय, उसको मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। लेकिन उस समय हमारे कर्णधारों को जो अच्छा लगा, वैसा किया। जिन्ना तब देश का सबसे विकसित क्षेत्र पंजाब और सिंध के साथ उस पूर्वी बंगाल को भी ले गये, जिसकी सीमा, सभ्यता-संस्कृति और जुबान पाकिस्तान से भिन्न थी। जिन्ना ने पहले देश को हिंसा की आग में धकेला, फिर देश को विभाजित किया, फिर कश्मीर पर कब्जे का प्रयास किया। जिन्ना के बाद उनका देश भारत से लड़ता रहा। चार बार सीधे-सीधे आक्रमण किया और पराजित होकर अब चार दशक से आतंकवाद के रूप में छद्म युद्ध लड़ रहा है। इसके अलावा भी भारत ने कभी सर्जिकल स्ट्राइक, कभी एयर स्ट्राइक और बीते साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भी पाकिस्तान की ठुकाई की, लेकिन बार-बार पिटकर, मार खाकर भी बेशर्म पाकिस्तान परेशान करने से बाज नहीं आता। अंग्रेज, जिन्ना और उनके पाकिस्तान द्वारा पैदा की गयी चुनौतियां, हिंसा, अशिक्षा, गरीबी और भुखमरी की भयावह स्थितियों से उबरते हुए आज भारत उस मुकाम पर पहुंचा है जहां दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमरीका भी भारत को उसके संकल्पों से ठिगा नहीं पा रहा। रूस भारत को भरोसेमंद दोस्त मानता है और चीन ताकतवर दुश्मन। ये स्थितियां यूं ही नहीं बनी हैं। इसके पीछे भारत की सात दशक लंबी तपस्या है। पाक, चीन ने युद्ध थोपकर हमे सैन्य शक्ति बनने के लिए प्रेरित किया, अमरीका ने अनाज देने के नाम पर पीएल-480 के जरिए हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया, तो हमारे किसानों ने हरित क्रांति से जवाब दिया। नब्बे के दशक में आर्थिक सुधारों ने हमारे लिए आर्थिक महाशक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त किया। आज हमारी आर्थिक शक्ति इतनी बड़ी हो गयी है कि अमरीका भी हमसे चिढ़ता है और हमे कमजोर करने का प्रयास कर रहा है।

विचार

देह ही नहीं जो दिल से भी गुलाम हो गये हैं, वे कभी भी आजादी हासिल नहीं कर सकते हैं।

-महात्मा गांधी.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईष्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

कोई देश बिना आजादी के अच्छी तरह नहीं जी सकता है और न आजादी के बिना सत्कर्म को बरकरार रख सकता है।

-रूसो.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

-वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा-तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।

- महावीर.

वैश्विक साजिशों का जवाब है आत्मनिर्भर भारत

मनोहर मनोज

> सरकार के मौजूदा प्रोत्साहनों के पीछे कई कारक हैं। जैसे कि देश की बहुत बड़ी आबादी जिसमें युवाओं की करीब दो तिहाई हिस्सेदारी है, बेरोजगारी को लेकर स्वरोजगार पर अधिकाधिक बल देने की सरकार की नयी नीति, बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को कौशल विकास व इंटर्नशिप प्रदान कर निजी क्षेत्र को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित का रही है।

ट्रंप प्रशासन बार-बार भारत पर टैरिफ वार कर रहा है। कभी 50 प्रतिशत टैरिफ, कभी 18 फीसद, कभी 12.5 फीसद, कभी कोई टैरिफ तो कभी कोई दूसरा टैरिफ। कुल मिलाकर अमरीका भारत के विदेश व्यापार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का जो अह्वान किया है, उस दिशा में देश को तेजी से आगे बढ़ना होगा। वास्तव में स्वदेशी हमारी अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिहाज से एक ऐसा मंत्र है जिसके सहारे हम किसी भी व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और टैरिफ जैसी चुनौतियां का सामना कर कर सकते हैं और मजबूती के साथ आर्थिक प्रगति की यात्रा को भी आगे बढ़ा सकते हैं। हमारा एमएसएमई सेक्टर स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन के लिए गेंमचेंजर है। सरकार एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर को भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार बनाने की बात कर रही है। इसीलिए सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के लिए कई प्रोत्साहनों और स्कीमों घोषणा की है, लेकिन अगर गहराई से देखें तो एमएसएमई की राहें अभी भी आसान नहीं हैं। औद्योगिक प्लॉट, पूंजी, तकनीक, मशीनरी, प्रशिक्षण, कच्चे माल की आपूर्ति, बिजली, परिवहन, मार्केट आर्डर तथा सबसे ऊपर बड़े देशी विदेशी उद्योग से मिलने वाली प्रतियोगिता, ये तमाम बाधाएं किसी भी छोटे कारोबारी के लिए बड़े कारोबारी से ज्यादा कठिन होती हैं। देखने में आता है कि देश के अनेक छोटे उद्यमी कुछ सालों तक व्यवसाय करने के बाद उपरोक्त बाधाओं के आगे घुटने टेक देते हैं। इस बार के बजट में एमएसएमई यानी छोटे, लघु व मध्यम उद्योग को आगामी 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य का आधार मानकर उसे प्रोत्साहन देने के हर संभव उपाय घोषित किये गए हैं।

सरकार के मौजूदा प्रोत्साहनों के पीछे कई कारक हैं। जैसे कि देश की बहुत बड़ी आबादी जिसमें युवाओं की करीब दो तिहाई हिस्सेदारी है, बेरोजगारी को लेकर स्वरोजगार पर अधिकाधिक बल देने की सरकार की नयी नीति, बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को कौशल विकास व इंटर्नशिप प्रदान कर निजी क्षेत्र को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करने आदि में इनकी भूमिका बड़ी मानी जा रही है। दूसरा देश की अर्थव्यवस्था में उत्पादन, रोजगार, आमदनी, निर्यात, संतुलित क्षेत्रीय विकास तथा विकास के विकेन्द्रीकरण इन सभी को ध्यान में रखकर एमएसएमई अब सरकार द्वारा विकास की आगामी ब्यूह रचना का एक बेहद महत्वपूर्ण अवयव माने जा रहे हैं। यही वजह है कि अभी लघु मध्यम उद्योग को लेकर हो रहे विमर्श में अब कई नये पहलू जुड़ गए हैं।

स्वतंत्रता दिवस

मसलन स्वरोजगार, स्टार्ट अप, कौशल विकास, सहकारी क्षेत्र उद्यमी, खाद्य प्रसंस्करण, रुफ टौप सोलर पैनल, हथकरघा, स्व-सहायता समूह व लखपति दीदी, आदिवासी ग्राम विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा, आवास विकास योजना इत्यादि कई शब्दावलियां, स्कीमें व वित्तीय योजना एमएसएमई के विराट इकोसिस्टम में समाहित कर दी गई हैं। इस बार के बजट में ये बात भलीभांति देखने में आयी है कि सरकार लघु मध्यम उद्योगों के लिए कच्चे माल, मशीनरी, फायनेंस, मार्केट, प्रशिक्षण और राजकोषीय प्रोत्साहन इन सभी सुविधाओं का एक बहुस्तरीय प्रोत्साहन पैकेज शुरू करने को लेकर काफी गंभीर है। इसके तहत सरकार द्वारा एमएसएमई का दायरा काफी विस्तृत कर दिया गया है। जैसे कि छोटे उद्योग के तहत निवेश सीमा मौजूदा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़, लघु उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 10 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ तथा मध्यम उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 50 करोड़ से बढ़ाकर 250 करोड़ कर दी गयी है। इस क्रम में नयी घोषणा ये है कि सेवा और विनिर्माण उद्योग को उनकी निवेश सीमा के मुताबिक पूरे तौर पर एमएसएमई के मातहत रख दिया गया है जिसकी सारी सुविधाएं और प्रोत्साहन इन्हें प्रदान की जायेंगी। तीसरी बात ये की गई है कि किसी मैन्यूफैक्चरिंग एमएसएमई को मशीनरी खरीदने के लिए क्रेडिट गारंटी लोन बिना किसी कोलेटरल या थर्ड पार्टी की गांरटी के प्राप्त होंगी। इसी क्रम में मोदी सरकार की बहुप्रचारित मुद्रा लोन योजना में दी जाने वाली अधिकतम ऋण सीमा दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख कर दी गई है। इस लोन को तीन श्रेणियों मसलन शिशु किशोर वयस्क में बांटा गया है जिससे अलग अलग लेवल के स्वरोजगार व्यवसाय को बढावा दिया जा सके।

एमएसएमई को लेकर इन सारे उपायों पर एक सरसरी निगाह डाली जाये तो इसमें दिक्कत बस ये दिखती है कि एमएसएमई सेक्टर को लेकर इस समय सरकार के पास एक नहीं अनेक चैनल व एजेंसियां हैं, लेकिन इनमें आपस में तादात्मय स्थापित होना बाकी है। मिशाल के तौर पर एमएसएमई मंत्रालय के अलावा केंद्र सरकार के कौशल विकास मंत्रालय, युवा विकास मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय, योजना मंत्रालय सभी एक तरह से छोटे उद्योगों के नोडल एजेंसी के बतौर कार्यरत हैं। इन के अलावा श्रम मंत्रालय व वित्त मंत्रालय अपनी अपनी तरफ से परामर्श, दिशा-निर्देश व प्रोत्साहन प्रदान करते रहते हैं। ऐसे में एमएसएमई में पंजीयन से लेकर तमाम सरकारी सहयोग व सुविधाओं का एक विंडो बनाया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि हम देश में छोटे, लघु व मध्यम उद्योग की एक पूरी तस्वीर का अवलोकन करें तो देश में पंजीकृत एमएसएमई उद्योगों की कुल संखया 3.64 करोड़ है जिनसे करीब 16 करोड़ लोगों की आजीविका चल रही है और यह हमारी कुल श्रमशक्ति का करीब 40 फीसदी है। इनमें देश के मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र के कुल उत्पादन का 38 फीसदी तथा निर्यात क्षेत्र का 45 फीसदी योगदान है। हमारे सकल घरेलू उत्पाद में इसका कुल योगदान देखें तो यह 30 फीसदी है। बताते चलें कि 1990 के दशक में नयी आर्थिक नीति के बाद यह बहस तेजी से छिड़ी कि उदारीकरण व भूमंडलीकरण से देश के बचे छोटे मध्यम उद्योग बड़े उद्योग के साये तले मिट जाएंगे या उनकी प्रतियोगिता में नहीं टिक पाएंगे। लेकिन छोटे, लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों ने देश की अर्थव्यवस्था में अपनी पहचान बनाये रखी बल्कि उत्पादन, रोजगार और निर्यात में भी अपनी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनाये रखी।

घरेलू औद्योगिक पटल पर जहां बड़े उद्योग के मातहत मध्यम उद्योग भी टिके रहे, मध्यम उद्योग के मातहत लघु उद्योग भी टिके रहे और लघु उद्योग के मातहत छोटे उद्योग भी टिके रहे। सेवा व्यापार क्षेत्र में यदि शॉपिंग मॉल आए तो छोटे किराना दुकानदार भी अस्तित्व में रहे। नयी आर्थिक नीति के उपरांत उद्योगों में जिस इन्सपेक्टर राज का बारंबार जिक्र किया जाता था, कहीं न कहीं देश के लघु मध्यम उद्योग ही उसके ज्यादा भुक्तभोगी बनते थे। ये स्थिति अभी भी पूरे तौर पर समाप्त नही हुई है। आज भी अनेकानेक सेवा उद्योग में अलग अलग एजेंसियों की रूलिंग व दिशा निर्देशों की भरमार कायम हैं, बहुस्तरीय लाइसेंसिंग नीति मौजूद है। आत्मनिर्भर भारत के लिए यह भी जरूरी है कि हमारे उद्यम इंसपेक्टर राज से पूरी तरह आजाद हों।

सोशल मीडिया

आज श्री अयोध्या धाम में श्री मणिरामदास छावनी के पूज्य महंत एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास जी महाराज का आत्मीय सानिध्य प्राप्त हुआ। सीएम योगी.

जीवन में समन्वय

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसके गुरु, शिक्षक या किसी महापुरुष से मिली शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण स्थान होता है। उसी से जीवन के रास्ते तय होते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा।

अंतर्दृष्टि

यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

आजादी की रक्षक महिलाएं

वीना गौतम

आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर यदि पूछा जाए कि 1947 से 2026 तक भारत की स्वतंत्रता की सबसे बड़ी ताकत क्या रही है? ...तो इस सवाल का जवाब केवल सेना, संविधान या लोकतांत्रिक संस्थाएं भर नहीं होगा। इस उत्तर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वे भारतीय महिलाएं भी हैं, जिन्होंने जंग-ए-आजादी में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया और आजाद भारत को मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने में जी जान से अपना योगदान दिया। इसलिए आजादी की इस 79वीं वर्षगांठ पर अन्य महत्वपूर्ण चीजों के साथ महिलाओं के इस महती योगदान को याद करना भी जरूरी है, जिनके साहस, नेतृत्व, ज्ञान और समर्पण ने भारत की आजादी को केवल सुरक्षित ही नहीं रखा बल्कि उसे नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी किसी औपचारिक उपस्थिति तक सीमित नहीं थी। रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के विरूद्ध युद्धभूमि में उतरकर अद्भुत वीरता दिखायी थी। बेगम हजरत महल ने अवध में अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी। सरोजनी नायडू ने गांधीजी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी थी और महिलाओं को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ा था। इसी तरह अरुणा आसफ अली ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में तिरंगा फहराकर पूरे देश में नई ऊर्जा का संचार किया था। उषा मेहता ने भूमिगत रेडियो के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन की आवाज को देशभर में पहुंचाया था, तो कस्तूरबा गांधी, सुचेता कृपलानी, दुर्गा भाभी, मातंगिनी हाजरा, कैप्टल लक्ष्मी सहगल, भीकाजी कामा, प्रीतिलता वाडेदार, श्रीमति एनी बेसेंट, कल्पना दत्त जोशी, कनकलता बरुआ, रानी गैदिन्ल्यू, झलकारी बाई, अवंतीबाई लोधी, वेलु नाचियार, ताररानी श्रीवास्तव, दुगार्बाई देशमुख, कमलादेवी चट्टोपध्याय, विजय लक्ष्मी पंडित और राजकुमारी अमृत कौर जैसी अनेक महिलाओं ने यह साबित किया कि आजादी केवल पुरुषों का संघर्ष नहीं था बल्कि उसमें भारत की बेटियों की भी बराबर की हिस्सेदारी थी।

आजादी के बाद अगर हम देश की राजनीति और फलते-फूलते लोकतंत्र की बात करें तो इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, जयललिता, द्रोपदी मुर्मू, मायावती, ममता बनर्जी, वसुंधरा राजे और निर्मला सीतारमण उन महिलाओं में शामिल हैं, जिन्होंने न केवल देश की संवैधानिक राजनीति को शिखर तक पहुंचाया बल्कि अपने संवेनशीलता और समावेशी सोच से लोकतंत्र को उदार और मजबूत बनाया। इंदिरा गांधी ने

80वें स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

प्रधानमंत्री के रूप में कठिन अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया। बाद में प्रतिभा पाटिल और द्रोपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च नागरिक पद यानी राष्ट्रपति पद की कुर्सी संभालकर देश के सबसे बड़े संवैधानिक पद को गरिमा दी। अगर न्याय, प्रशासन और पुलिस क्षेत्र की बात करें तो आजादी के इन 79 सालों में एक से बढ़कर एक महिलाएं इस क्षेत्र को अपने ज्ञान और कर्तव्य से मजबूत किया है। इनमें प्रमुख हैं- फातिमा बीबी, लीला सेठ, जस्टिस [illegible] आर.बनुमति, जस्टिस इंदु मल्होत्रा, किरण बेदी, अन्ना राजम मल्होत्रा, अरुणा सुंदरराजन और दूर्वा बनर्जी। इन सब महान शख्सियतों ने देश के लोकतंत्र में चार चांद लगाया है। फातिमा बीबी, सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश बनी, तो उनके बाद अनेक महिला न्यायाधीशों ने न्याय व्यवस्था में संवेदनशीलता और समानता की नई मिसालें स्थापित कीं। अन्य क्षेत्रों की तरह विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में भी पिछले 79 साल में एक से बढ़कर एक महिलाओं ने इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। डॉक्टर टेसी थामस को मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया कहा जाता है।

डॉक्टर रितु करिधल, नंदिनी हरिनाथ, मुथैया वनिता जैसी इसरो की महिला वैज्ञानिकों ने मंगलयान, चंद्रयान और अन्य अंतरिक्ष अभियानों की सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया है। लेकिन विज्ञान और अंतरिक्ष तथा रक्षा के क्षेत्रों में इतने ही नाम नहीं हैं और भी अनेक विभूतियां हैं, जिन्होंने पिछले 8 दशकों में देश का गौरव बढ़ाया है। इनमें अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, महिला फाइटर पायलटों में शामिल होकर नई पीढ़ी को प्रेरित करने वाली अवनी चतुर्वेदी, भावना कांत और मोना सिंह, अपने आपमें देशभक्ति की जीवंत कहानी हैं। इसी क्रम में पुनिता अरोड़ा और माधुरी कानिटकर भी देश की रक्षा क्षेत्र में अपने अहम योगदान के लिए जानी जाती हैं। अगर खेल जगत की बात करें तो पीटी उषा, कर्णम मल्लेश्वरी, साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, मैरी कॉम, साक्षी मलिक, मीराबाई चानू, लवलीना बोरगोहेन, दीपा करमाकर, मिथाली राज और हरमनप्रीत कौर ये वो नाम हैं, जिन्होंने खेल के आसमान में भारत की चमक बिखेरी है। खेल जगत में इन महिलाओं ने भारतीय तिरंगे को हमेशा ऊंचा रखा है। अगर बात शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में इन 79 वर्षों में महिलाओं के योगदान की करें, तो यहां भी महान योगदान देने वाली महिलाओं की कमी नहीं है। जहां शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महिलाओं द्वारा सावित्रीबाई फुले की विरासत को पूरी शिद्दत के साथ आगे बढ़ाया गया है, तो वहीं स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाईयां देने वाली इला भट्ट जैसी शख्सियतें भी मौजूद हैं। समाज, शिक्षा और संस्कृति में भारत का नाम रोशन करने वाली महिलाओं में सावित्रीबाई फुले और इला भट्ट के अलावा पंडिता रमाबाई, सिंधुताई सपकाल, मेधा पाटकर, गौरा देवी, सुधा मूर्ति, महाश्वेता देवी, अमृता प्रीतम, लता मंगेश्कर, एम.सुब्बुलक्ष्मी, सोनल मानसिंह, अरुंधती भट्टाचार्य, जैसी महिलाओं ने हमारी आजादी को नये और गरिमामय मायने प्रदान किये हैं।

मीडिया, साहित्य, कला में भी एक से बढ़कर एक महिलाओं ने देश की मौजूदा शानदार तस्वीर गढ़े जाने में अपना महान योगदान दिया है। इसलिए आजादी की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर इन महान महिलाओं को याद करना केवल इनके योगदान को याद करनाभर नहीं है बल्कि इनके इस साहस को महसूस करना है कि उन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में राष्ट्र के हर क्षेत्र में अपना अहम योगदान दिया है। विकसित भारत में सबसे अहम योगदान कारपोरेट क्षेत्र का होगा। अगर हम कारपोरेट क्षेत्र पर गौर करें तो किरण मजूमदार शॉ, रोशनी नदार, फाल्गुनी नायर, सिमोन टाटा, विभा पाडलकर, नमिता थापर, राधा वेम्बु, विनीता सिंह जैसी महिलाओं का योगदान भारत की आर्थिक प्रगति में हमेशा यादव किया जायेगा। आने वाले वर्षों में यदि भारत विकसित राष्ट्र बनने का सपना पूरा करता है, तो इस सपने में महिलाओं की यही ऊर्जा, नेतृत्व और संकल्प सबसे बड़ी शक्ति होगी।

आप की बात

बीमारियों से आजादी

सरकार को ऐसी कल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए लाना चाहिए जिससे उनका जीवन सरल हो और जीवन में आजादी का अहसास हो। इसी तरह की एक योजना पूर्व में शुरू की गयी थी जिसका नाम है उज्ज्वला योजना। इससे महिलाओं को लाभ हुआ। उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुंए से आजादी मिली है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है।

1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

स्वाधीनता दिवस पर प्रमोद व मोना ने किया आहवान

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस पर लोगों से देश की एकता एवं अखण्डता तथा कौमी एकता को मजबूत बनाने के लिए संकल्पबद्ध होने का आहवान किया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ अर्पित कर दिया था। उन्होने कहा कि राष्ट्रवासियों को नये एवं मजबूत भारत के निर्माण में एकजुटता के साथ इस पावन पर्व पर आगे बढ़ने का सतत संकल्प ग्रहण करना चाहिए। संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

करंट से हेल्पर घायल

प्रतापगढ़। एचटी लाईन में आई फॉल्ट को दुरुस्त करने के दौरान करंट की चपेट में आने से हेल्पर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। लालगंज कोतवाली के भटनी उपकेंद्र से गुजरी एचटी लाईन में आये फाल्ट को दुरुस्त करने के लिए शुक्रवार की सुबह हेल्पर रामसिंह पोल पर चढ़कर फाल्ट को ठीक कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया है।

बाइक की टक्कर से दो घायल, एक रेफर

प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सिंघौर कुड़वा गांव निवासी साठ वर्षीय मोहनलाल सरोज व अठठावन वर्षीय अवधेश बहादुर सिंह किसी काम से शुक्रवार को लालगंज आये थे। यहां से घर लौटते समय चौक के समीप सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मोहनलाल सरोज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे उसरहा कुंभीआइमा निवासी मुस्ताक अहमद पुत्र मो0 जब्बार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह अगस्त को दोपहर करीब बारह बजे कुम्भीआइमा निवासी नसिर पुत्र खलील उसे गाली व धमकी दे रहा था। आरोप है कि पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने उसे मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना स्वाधीनता दिवस पर क्षेत्र में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी। वह संग्रामगढ़ में प्रातः पं. सरयू प्रसाद तिवारी कालेज ऑफ लॉ समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानो में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगी। अपरान्ह एक बजे लालगंज तथा इसके बाद पुरे तुलई व बेलखौरा, समापुर, परसपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में शामिल होंगी। अपरान्ह साढ़े तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन एवं यहां संचालित पर्यटन विकास की योजनाओं की प्रगति का जायजा लेंगी।

चंदौली में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

चंदौली। जिले की धीना थाना पुलिस ने वर्ष 2018 से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने महुजी तिराहा के पास, जमानिया सीमा से करीब 300 मीटर पहले, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान अरबाज नट उर्फ खबरी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

सिद्धार्थनगर में निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा

सिद्धार्थनगर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर से सिहेंश्वरी माता मंदिर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित अधिकारीगण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं यात्रा में शामिल हुए। सिहेंश्वरी माता मंदिर पर आयोजित समापन कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ तिरंगा अभियान आज जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने तिरंगे को देश की शान, एकता और अखंडता का प्रतीक बताया तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। विधायक श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने भी तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों को बधाई एवं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। संचालन डा. सीमा मिश्रा ने किया।

हर घर तिरंगा अभियान में बच्चों को बांटे झंडे, टिफिन और पानी की बोतल

जिला संवाददाता

सिरसिया (श्रावस्ती)। विधानसभा क्षेत्र 289 भिनगा के विकासखंड सिरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत बेचुआ स्थित कल्चूराम जनजातीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साकेत नगर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा से संभावित उम्मीदवार सुभाष सत्या तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख मधु सत्या ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को तिरंगा झंडे, टिफिन बॉक्स एवं पानी की बोतल वितरित की। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनमें खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा, यशपाल सिंह, पूर्व सदस्य जिला पंचायत गिरजेश पाठक, सुल्ताना पाठक, हनुमान तिवारी, प्रदीप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बलविंदर सिंह, अमित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने तथा छात्र-छात्राओं के हित में किए गए इस प्रयास की सराहना की। बच्चों ने भी उत्साह के साथ तिरंगा हाथ में लेकर हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

डीएम, एसपी व सीडीओ ने दीं जनपदवासियों को शुभकामनाएं

श्रावस्ती। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह हम सभी भारतीयों के लिए गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पर्व है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान का स्मरण कराता है, जिनके संघर्षों के फलस्वरूप देश को पराधीनता की बेड़ियों से मुक्ति मिली। यह अवसर हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जनपदवासियों का आह्वान किया कि इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें। संविधान में निहित आदर्शों एवं मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने जनपदवासियों से आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की भी अपील की। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने भी जनपदवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रभक्ति, एकता और कर्तव्यनिष्ठा की भावना के साथ मनाने की अपील की।

युवा कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

प्रतापगढ़। रामपुरखास के युवा कांग्रेसियों द्वारा शुक्रवार को नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर बड़ी संख्या में जुटे युवा कांग्रेसियों ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिनव शुक्ल के नेतृत्व में नेशनल हाइवे लखनऊ-वाराणसी के रायबरेली प्रतापगढ़ रोड से इन्दिरा गांधी चौक पहुंचे। यहां भारत माता के जयघोष व वन्देमातरम के साथ कार्यकताओं ने अमर शहीद प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कार्यकताओं का जत्था कालाकांकर हाइवे होते हुए कैम्प कार्यालय पहुंचा। इस मौके पर सिंटू मिश्र, अतुल शुक्ला, सिद्धार्थ, हिमांशु सिंह, अनूप मिश्र, अभिषेक त्रिपाठी, अंकुश यादव, दिवाकर, अक्षत तिवारी, शिवम पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, अनिकेत, आदर्श, विकास ओझा, अंकुर तिवारी, मुरलीधर तिवारी, श्रीकांत मिश्र, पप्पू तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि रहे।

जवानों ने निकाली तिरंगा रैली

श्रावस्ती। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं एसएसबी कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने सिरसिया क्षेत्र के सुईया बॉर्डर एवं आसपास के सीमावर्ती गांवों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने सीमा स्तम्भ संख्या भारत-634 (1) का स्थलीय निरीक्षण किया तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की आवाजाही सहित अन्य गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। सुरक्षा बलों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत 62वीं वाहिनी एसएसबी के जवानों ने सुईया बॉर्डर पर तिरंगा रैली निकाली। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जवानों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। एसएसबी के डॉग स्क्वायड ने डॉग शो एवं डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सुरक्षा, खोज तथा संदिग्ध वस्तुओं की पहचान से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने सीमावर्ती ग्रामीणों से संवाद कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की तथा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस अथवा एसएसबी को देने के लिए जागरूक किया।

धूमधाम से मनी जगदगुरू स्वामी करपात्री की जयंती

स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के तत्वाधान में प्रतिमा का हुआ पूजन

प्रतापगढ़। क्षेत्र के उमरपुर भटनी गांव में शुक्रवार को धर्मसम्राट स्वामी करपात्री महराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगदगुरू की जन्मस्थली से जुड़े स्वामी करपात्री चौक पर स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के तत्वाधान में करपात्री चौक स्थित जगदगुरू की प्रतिमा पर अनुयायियों ने मत्था टेका। चौक जयंती उत्सव को लेकर स्वामी करपात्री जी महराज के साथ गाय गंगा के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए जन्मस्थली के निकटवर्ती क्षेत्रों में पौधरोपण भी हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे श्रीरामचरित मानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनुराग तिवारी ने स्वामी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन आरती व माल्यार्पण कर जयंती समारोह का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जगदगुरू स्वामी करपात्री जी महराज ने गीता, मानस, गाय व सनातन संस्कृति के संरक्षा को लेकर विश्व पटल पर सशक्त विचारधारा से राष्ट्र का मान बढ़ाया है। सह संयोजक अनिल त्रिपाठी महेश व समाजसेवी पप्पू तिवारी ने भी करपात्री जी महराज के राष्ट्रीय दर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र नारायण मिश्र व संचालन महासचिव दीपेन्द्र ओझा ने किया। संयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी द्वारा हुआ। वहीं जयन्ती को लेकर संस्थान के पदाधिकारियों ने वन दरोगा अमितांशु त्रिपाठी व विभागीय कर्मियों सरयू प्रसाद, मो0 अरबाज, के संयोजन में भटनी तालाब के तटवर्ती क्षेत्र में पीपल, बरगद, पाकड़, जामुन, आम व अमरूद के पौधरोपण भी किये। इस मौके पर राकेश सिंह, रामबाबू मिश्र, राहुल सिंह, हरकेश तिवारी, डॉ0 अंजनी तिवारी, अर्पित, देशराज सरोज, सुशील शुक्ल, विपिन सरोज, विश्वनाथ सरोज, अजय सरोज, सिद्धू चौरसिया, पुन्नू यादव आदि रहे।

लालगंज नगर को मेगा शॉप की मिली सौगात, खुशी

प्रतापगढ़। नगरवासियों को शुक्रवार को स्वाधीनता दिवस की पूर्व बेला पर व्यापारिक क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। सौगात को लेकर स्थानीय व्यापारियों व लोगों में खुशी देखी गयी। नगर के रायबरेली रोड पर मेगा शॉप का गाजे बाजे के बीच शुभारंभ हुआ। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दीप प्रज्वलन करने के साथ फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने जनसुविधा के क्षेत्र में मेगा शॉप को नगर के साथ क्षेत्र के लिए सुविधा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि कहा। मेगा शॉप के प्रबन्ध निदेशक संदीप कुमार चौधरी ने सेवा के क्षेत्र में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता का भरोसा दिलाया। प्रबन्धक रितेश शुक्ला ने अतिथियों को सम्मानित किया। आयोजन में समाजसेवी श्यामजी कौशल का विशेष सम्मान हुआ दिखा। संचालन साहित्यकार डॉ0 अनुज नागेन्द्र ने किया। संयोजन मार्केटिंग हेड रंजीत यादव व एचआर गंगाधर सिंह ने किया। इस मौके पर दिनेश सिंह, अवनीश शुक्ला, पवन शुक्ला, घनश्याम संवरिया आदि रहे।

जमानतदार के घर में ही सेंध लगायी, आरोपी गिरफ्तार

हरदोई। जिले में एक चोर ने चोरी के मामले में जमानतदार का घर भी नहीं छोड़ा और उसके घर में सेंध लगाकर 11.50 लाख रुपये मूल्य के आभूषण और नकदी चुरा ली। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरीशुदा आभूषण एवं नकदी बरामद करने के साथ ही, आरोपी युवक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया की थाना कछौना में राम नंदन कनौजिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर अज्ञात चोरों ने लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के जेवर और डेढ़ लाख रुपये नकदी की चोरी कर ली है। पुलिस ने इस मामले में विनायक शर्मा तथा परास को गिरफ्तार किया। पूछताछ में विनायक ने बताया कि उसके पिता की मौत हो गई है और मां विकलांग है। ऐसे में उसे दोस्तों के साथ ऐश करने का शौक लग गया और वह अपने इसी शौक को पूरा करने के लिए चोरी करने लगा। वह अब तक कई चोरी कर चुका है। मीणा ने बताया कि आरोपी ने मथुरा में जहां वह काम कर रहा था, वहीं चोरी कर ली। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसकी मां ने गांव के ही रहने वाले राम नंदन कनौजिया से जमानत कराने का अनुरोध किया जिसके बाद कनौजिया ने मानवता के चलते उसकी जमानत ले ली। हालांकि, जमानत पर दो माह पहले रिहा होने के बाद आरोपी विनायक शर्मा ने राम नंदन कनौजिया के घर को ही निशाना बना लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी ने उसके घर से लगभग 10 लाख रुपए के आभूषण तथा डेढ़ लाख रुपए नगद की चोरी की थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह चोरी करता था उसके बाद अपने दोस्तों को ले जाकर दिल्ली और मुंबई में ऐश करता था। उसने अब तक देह व्यापार करने वाली 25 से भी अधिक महिलाओं से संबंध बनाए हैं। पुलिस ने आरोपी विनायक शर्मा और पारस को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

शिक्षक के बैंक खातों से 1.86 लाख रुपये की साइबर ठगी, केस दर्ज

हरदोई। जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगों ने बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात एक सहायक अध्यापक के बैंक खातों से 1.86 लाख रुपये से अधिक की धनराशि निकाल ली। पुलिस ने मामले में साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के निवासी बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात सहायक अध्यापक कुलदीप पाण्डेय ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ शहर कोतवाली में भी तहरीर दी है। शिकायत के अनुसार दो अगस्त को दोपहर 12:47 बजे उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से यूपीआई के माध्यम से 97,888 रुपये गुरमेज सिंह नामक व्यक्ति की यूपीआई आईडी पर स्थानांतरित कर दिए गए।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर अधिकारियों ने जनपदवासियों को दी हार्दिक बधाई

सिद्धार्थनगर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने समस्त जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

जनपदवासियों के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लेने का भी पर्व है। आजादी के अमृत मूल्यों को आत्मसात करते हुए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने जनपदवासियों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा विकास की यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से सिद्धार्थनगर को विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। डीएम शिव शरणप्पा जीएन व एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन व सीडीओ बलराम सिंह ने दोहराते हुए एक बार पुनः समस्त जनपदवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की प्रगति, शांति और समृद्धि की मंगलकामना किया ।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सिद्धार्थनगर में निकला शांति मार्च

सिद्धार्थनगर, । भारत विभाजन की स्मृति में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर पेट्रोल पंप तिराहा, बांसी स्टैंड से सिद्धार्थ तिराहा तक शांति मार्च निकाला गया। शांति मार्च में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग शामिल हुए। शांति मार्च के समापन पर सिद्धार्थ तिराहे स्थित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शांति, सद्भाव एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

पांच आरोपी गिरफ्तार, पांच करोड़ की मार्फिन बरामद

सुलतानपुर। जिले में शुक्रवार सुबह अखंडनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस और मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के बीच मुठभेड़ के बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और पांच करोड़ रुपये मूल्य की अवैध मार्फिन जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक, इस मुठभेड़ में दो आरोपी पुलिस की गोली से घायल हो गए जिनका इलाज अस्पताल में हो रहा है।

क्षेत्राधिकारी ,कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल एक गिरोह मादक पदार्थ की आपूर्ति करने कहीं जाने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने अखंडनगर थाना क्षेत्र के सहजनपुर अंडरपास के पास घेराबंदी की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब साढ़े चार बजे दो कारें आती दिखाई दी जिसको पुलिस ने रोका तो कार में बैठे लोगों ने पुलिस पर गोलीबारी कर दी।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर बांसी में तैयारियां तेज, प्रशासनिक अमला अलर्ट

बांसी, सिद्धार्थनगर। स्वतंत्रता दिवस के भव्य आयोजन को लेकर बांसी तहसील प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसडीएम बांसी विश्वामित्र सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव सहित नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, महबूब आलम एवं राजस्वकर्मियों ने निर्धारित दायित्वों के निर्वहन के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। सीओ बांसी शुबेंदु सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बांसी मृत्युंजय पाठक, खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा, शिवनगर डिड़ई थानाध्यक्ष बृजेश सिंह एवं जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष अभय सिंह सहित पुलिस टीम स्वतंत्रता दिवस के झंडारोहण एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटी रही।

वहीं, नगर पालिका बांसी भी आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने में सक्रिय है। नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश राईनी एवं ईओ जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में बड़े बाबू जमील अहमद सहित नगर पालिका कर्मियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त सक्रियता से बांसी में स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, अनुशासित और यादगार बनाने की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

गुमशुदा 55 वर्षीय महिला सकुशल बरामद

सिद्धार्थनगर। पथरा बाजार थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में थाना पथरा बाजार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से बिना बताए निकली 55 वर्षीय महिला पार्वती देवी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस की इस तत्परता पर परिजनों ने पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस के अनुसार, 13 अगस्त 2026 को यूपी-112 के माध्यम से सूचना मिली कि एक महिला पथरा बाजार स्थित पावर हाउस के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को सकुशल थाने लाया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम पार्वती देवी, निवासी ग्राम नवापार, थाना बरहज, जनपद देवरिया बताया। 14 अगस्त को परिजनों को बुलाकर मिशन शक्ति टीम ने महिला को उनकी बहू रंजना देवी के सुपुर्द कर दिया। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में उपनिरीक्षक मलखा प्रसाद, कांस्टेबल सुदामा यादव, महिला कांस्टेबल सोनी यादव एवं ओमलता शुक्ला शामिल रहीं।

एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि

सिद्धार्थनगर, । विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में विभाजन की त्रासदी में अपने प्राण गंवाने वाले लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता को मजबूत बनाए रखने के संकल्प पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभाजन की पीड़ा को स्मरण करते हुए देश की एकता और भाईचारे को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन की अगुवाई में आयोजित यह कार्यक्रम संवेदनशीलता, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता नजर आया। इस अवसर पर राजपत्रित अधिकारी, शाखा प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

आईटेल ने बढ़ाया होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो

नई दिल्ली। आईटेल ने वॉशिंग मशीन और टीवी की नई रेंज के साथ अपने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लॉन्च की गई इस नई रेंज के जरिए कंपनी आधुनिक तकनीक को भारतीय घरों तक पहुंचाने पर जोर दे रही है। आईटेल ने भारत में अपने नए टीवी पोर्टफोलियो को भी पेश किया है, जो कंपनी के स्मार्ट टीवी सेगमेंट में एक बड़ा बदलाव है। नए टीवी पोर्टफोलियो में प्रीमियम डिजाइन के साथ कई ऐसी तकनीक और सुविधाएं शामिल की गई हैं, जो पहले केवल चुनिंदा मॉडल्स तक सीमित थीं। इसके अलावा, पहली बार 55 और 65 इंच स्क्रीन साइज में मिनी एलईडी टेक्नोलॉजी भी पेश की गई है।

प्रेस्टीज का नयी वेलोरा स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव रेंज लॉन्च

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने नई 'वेलोरा' स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव रेंज लॉन्च की है। इसे आधुनिक भारतीय किचन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें प्रीमियम डिजाइन, बेहतर परफॉर्मेंस और रोजमर्रा की सुविधा का ध्यान रखा गया है। यह उन उपभोक्ताओं के लिए खास तौर पर बनाई गई है, जो, जो स्टाइल, मजबूती और उपयोगिता का बेहतरीन संतुलन चाहते हैं। यह नई रेंज रोजमर्रा के खाना पकाने के अनुभव को बेहतर बनाती है और आधुनिक किचन के साथ खूबसूरती से मेल भी खाती है। वेलोरा रेंज में 1.5 मिमी मोटाई वाली हेवी-गेज स्टेनलेस स्टील बॉडी दी गई है, जिस पर प्रीमियम मिरर फिनिश मिलती है। इससे गैस स्टोव को आकर्षक लुक के साथ मजबूती और लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए टिकाऊ बनाया गया है।

एलजी ने लिस्टिंग के बाद दर्ज की अपनी सबसे मजबूत तिमाही वृद्धि

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा की। कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो की हर श्रेणी में वृद्धि और सभी श्रेणियों में प्रीमियम उत्पादों की मांग के दम पर लाभप्रदता में स्थायी बढ़त के साथ साल की शुरूआत की है। नतीजों पर प्रकाश डालते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हाँग जू जियोंन ने कहा कि भारत का कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बाजार प्रीमियम, प्रौद्योगिकी-संचालित और ऊर्जा-कुशल उत्पादों की ओर एक संरचनात्मक बदलाव से गुजर रहा है — और यह तिमाही दर्शाती है कि हमारा पोर्टफोलियो सटीक रूप से इसी बदलाव के लिए बनाया गया है। राजस्व की तुलना में लाभ लगभग दोगुनी गति से बढ़ा, और इसमें हर श्रेणी का योगदान रहा, जो हमें बताता है कि यह वृद्धि मौसमी न होकर स्थायी है।

लेंसकार्ट कर रहा है दृष्टि की दौड़ रन फॉर विजन का आयोजन

नई दिल्ली। लेंसकार्ट 15 और 16 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस वीकेंड के दौरान अपने वर्चुअल रन इवेंट दृष्टि की दौड़—रन फॉर विजन का आयोजन कर रहा है। इस दौरान, जो भी यूजर लेंसकार्ट ऐप पर कम से कम 20,000 कदम पूरे करेगा, कंपनी उसकी तरफ से चार जोड़ी तक चश्मे दान करेगी। यह राष्ट्रव्यापी अभियान रोजमर्रा की फिटनेस को सामाजिक प्रभाव के एक सामूहिक प्रयास में बदलने के लिए भारतीयों को एक साथ लाता है। देश में लगभग 35 करोड़ से अधिक भारतीय विजन केयर का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। यह सारा डोनेशन लेंसकार्ट की गैर-लाभकारी शाखा लेंसकार्ट फाउंडेशन के माध्यम से किया जाएगा। भारत में आई-केयर के भविष्य के लिए जागरूकता बढ़ाना और इसकी पहुँच को बेहतर बनाना सबसे जरूरी है।

हिमालया बेबीकेयर का प्योर बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक लॉन्च

नई दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने अपने नए हिमालया बेबीकेयर प्योर बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक के लिए एआई से तैयार किया गया नया कैंपेन लॉन्च किया है। तकनीक आधारित कहानी कहने, सांस्कृतिक जुड़ाव और प्रीमियम प्रोडक्ट पोजिशनिंग के माध्यम से हिमालया बेबीकेयर नवजात शिशुओं के



लिए तेजी से विकसित हो रही गिफ्टिंग श्रेणी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है। भारतीय घरों में नवजात शिशुओं को तोहफा देना बहुत ही भावनात्मक और प्रतीकात्मक होता है—इसी सोच पर आधारित यह कैंपेन पारंपरिक बेबी-गिफ्टिंग को एक नए और आधुनिक नजरिए से पेश करता है। यह कैंपेन हिमालया बेबीकेयर प्योर बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक को एक सोच-समझकर तैयार किए गए प्रीमियम गिफ्टिंग विकल्प के तौर पर पेश करता है।

सेंसेक्स में 71 अंकों की गिरावट

मुंबई। ऊंची तेल कीमतों और अमेरिका-ईरान गतिरोध के लंबे समय तक बने रहने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 71 अंक और निफ्टी में 30 अंक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.71 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 78,009.25 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 395.59 अंक यानी 0.50 प्रतिशत गिरकर 77,684.37 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 29.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,366 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार चौथा सत्र रहा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, इंडिगो, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एचसीएल टेक के शेयर गिरावट में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत बढ़कर 87.15 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 489.92 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 204.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत नुकसान में रहा। भारतीय शेयर बाजार कमोबेश स्थिर रुझान के साथ बंद हुए। अमेरिका-ईरान गतिरोध बने रहने और होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। अमेरिकी शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और अमेरिकी महंगाई के नरम आंकड़ों के बावजूद घरेलू बाजारों ने सतर्कता दिखाई। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.65 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.13 प्रतिशत की कमजोरी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आवासीय वित्त खंड 1.40 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि मिडस्माल निजी बैंक सूचकांक 0.58 प्रतिशत, तेल एवं गैस खंड 0.45 प्रतिशत और ऊर्जा खंड 0.44 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं, अस्पताल खंड ने 1.49 प्रतिशत की तेजी दिखाई और दूरसंचार खंड में 0.86 प्रतिशत, बीमा खंड में 0.21 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 0.17 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी के लिए अब 24,325 अंक का स्तर बचाए रखना अहम है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 510.69 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 95.42 प्रति डॉलर पर रहा

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से घरेलू मुद्रा को मिले समर्थन के बीच रुपया शुक्रवार को तीन पैसे मजबूत होकर 95.42 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपये पर दबाव कायम है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.39 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.38 से 95.44 प्रति डॉलर के सीमित दायरे में रहा। अंत में 95.42 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को 12 पैसे टूटकर 95.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये में इस सप्ताह कमजोरी का रुख रहा लेकिन कुल मिलाकर इसमें सीमित दायरे में ही कारोबार हुआ। जुलाई में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 25 प्रतिशत की तेजी आई थी और यह अब भी ऊंचे स्तर पर है। इससे रुपये पर आयात लागत का दबाव बना हुआ है। वहीं, डॉलर सूचकांक 100 के स्तर से नीचे करीब 99.50 पर रहा, जिससे रुपये की गिरावट सीमित रही। निकट अवधि में रुपये के 95.10 से 95.80 के दायरे में रहने का अनुमान है। कच्चे तेल और डॉलर की दिशा रुपये के लिए प्रमुख कारक रहेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.78 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 70.71 अंक टूटकर 78,009.25 अंक पर और निफ्टी 29.25 अंक की गिरावट के साथ 24,366 पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का वायदा भाव 0.99 प्रतिशत चढ़कर 87.93 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर 510.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

आईपीओ की 30 दिन की अवधि में बड़े निवेशकों में सबसे बड़े बिकवाल एफपीआई

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) बड़े निवेशकों में सबसे बड़े बिकवाल रहे और बड़े निवेशकों की भारी बिकवाली शेयर बेचने पर रोक की 30 दिन की अवधि खत्म होने के आसपास आईपीओ शेयर की कीमतों पर तेज दबाव से जुड़ी रही। वर्तमान नियमों के अनुसार बड़े (एंकर) निवेशकों को आवंटित शेयर में 50 प्रतिशत पर 90 दिन और शेष 50 प्रतिशत पर 30 दिन के लिए शेयर बेचने पर रोक (लॉक-इन) रहती है।

